



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
वर्ष- 13, अंक - 203 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 11 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-





# कौशल्या मातृत्व योजनाः सुरक्षित मातृत्व और बच्ची के लिए मजबूत पहल

## ● द्वितीय संतान बालिका होने पर राज्य सरकार दे रही पांच हजार रूपए की सहायता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर सहायता प्रदान करने के लिए कौशल्या मातृत्व योजना चलाई जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित यह नई योजना 1 जनवरी 2022 से प्रभावशील है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में पांच हितग्राहियों को चेक प्रदान करने कौशल्या मातृत्व योजना का शुभारंभ किया। सुरक्षित मातृत्व और बच्ची के लिए यह योजना एक मजबूत पहल साबित होगी।

कौशल्या मातृत्व योजना का मुख्य उद्देश्य सामाजिक आर्थिक जनगणना में पात्र महिला हितग्राही के द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर सहायता राशि प्रदान करना है, ताकि महिलाएं बच्चे के जन्म के बाद पर्याप्त विश्राम कर सके।



योजना के तहत चयनित माता जिसकी द्वितीय संतान बालिका जन्म 01 जनवरी 2022 या इसके बाद हुआ हो, एकमुश्त कुल 5000/- रूपये की राशि का लाभ दिया जा रहा है।

योजना का लाभ मिलने से माताएं स्वयं एवं बालिका के उत्तम स्वास्थ्य के प्रति पर्याप्त ध्यान दे सकेंगी। इससे बालिका भ्रुण हत्या रोकने और बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में मदद मिलेगी। योजना से गर्भावस्था, सुरक्षित प्रसव और स्तनपान की अवधि के दौरान उपयुक्त पद्धतियों, देखरेख एवं सेवाओं के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए माता को प्रसव पूर्व कम से कम एक बार जांच करवाना और बच्चे के जन्म का पंजीयन कराना जरूरी है। इसके साथ ही इच्छुक पात्र महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए लाभार्थी स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित वचन पत्र/सहमति पत्र तथा सुसंगत दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर आंगनबाड़ी केन्द्र में दे सकते है। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र से निर्धारित फार्म निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। फार्म महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ की वेबसाईट http://cgwcd.gov.in से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं।




### अयोध्या के श्रीराम मंदिर में लगेगा बीएसपी का सरिया, 190 टन टीएमटी बार भेजा जा चुका

# देश के विकास में भिलाई इस्पात संयंत्र दे रहा योगदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश के प्रमुख आस्था का केंद्र अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण में छत्तीसगढ़ भी योगदान दे रहा है। मंदिर निर्माण के लिए भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) से लोहे की सप्लाई हो रही है। बीएसपी से अभी तक 190 टन टीएमटी बार स्टील भेजा जा चुका है। आने वाले समय में और टीएमटी बार भेजा जाएगा। यह भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए भी बड़ी उपलब्धि है।

एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े कारखाने व स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की ध्वजवाहक इकाई भिलाई स्टील प्लांट देश-दुनिया में अपनी गुणवत्ता व उत्कृष्टता के लिए प्रसिद्ध है। बीएसपी के इस्पात उत्पादों ने देश की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को मजबूती दी है। रक्षा, अनुसंधान, रेलवे, मेट्रो, परिवहन सहित अधोसंरचना विकास में भिलाई इस्पात संयंत्र के लोहे का उपयोग हुआ है।




भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि देश के विकास में बीएसपी योगदान दे रहा है। आस्था के प्रमुख केंद्र अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए भिलाई से अभी तक 190 टन टीएमटी बार भेजा गया है।

### भूकंपरोधी टीएमटी की सप्लाई

अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर निर्माण की मजबूती के लिए विशेष तरह के स्टील का उपयोग किया जा रहा है, जिसके लिए सेल-बीएसपी द्वारा अब तक विभिन्न आयामों के 550 डी ग्रेड की लगभग 190 टन टीएमटी बार की सप्लाई की जा चुकी है। इस परियोजना के लिए टीएमटी बार का उत्पादन प्लांट के आधुनिक बार एंड रॉड मिल और मर्चेंट मिल दोनों में किया गया है। बार एंड रॉड मिल में उत्पादित 550 डी ग्रेड के 12 मिमी व्यास वाले लगभग 120 टन टीएमटी बार और मर्चेंट मिल में उत्पादित समान ग्रेड वाले 32 मिमी व्यास वाले लगभग 65 टन टीएमटी बार को अयोध्या भेजा गया है।

### बीएसपी के उत्पाद पर जताया भरोसा

बता दें कि देश में बांधों, थर्मल, हाइड्रो-इलेक्ट्रिक और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं, पुलों, राजमार्गों, फ्लाईओवरों, सुरंगों और ऊंची इमारतों के अलावा कुछ ऐतिहासिक परियोजनाएं हैं, जैसे बांद्रा वर्ली सी लिंक ब्रिज, सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आगरा एक्सप्रेस-वे (जिस पर लड़ाकू विमान उतरे हैं) और उत्तर और उत्तर-पूर्व भारत में कई पुलों और सुरंगों में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) भिलाई इस्पात संयंत्र के टीएमटी बार का इस्तेमाल किया गया है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने भी भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पाद पर भरोसा जताया है।

### सीएम बघेल ने भाजपा पर साधा निशाना

# पूछा- 15 साल सत्ता में रहने के बाद भी क्यों नहीं बनवाया राम वन गमन पथ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। बघेल ने कहा, 'राज्य में 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा ने राम वन गमन पथ क्यों नहीं बनवाया... हम धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगते हैं।'

इससे पहले सोमवार को बघेल ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा और संघ दयावान और सौम्य भगवान श्रीराम को रैंबो और हनुमान जी को क्रोध का प्रतीक दिखाने की कोशिश कर रही है।

दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी शहरी इलाकों में 'कृष्ण कुंज' विकसित करने का फैसला लिया है। इसके तहत सांस्कृतिक महत्व वाले पौधे रोपित किए जाएंगे। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन राज्य में 'कृष्ण कुंज' के लिए चिन्हित स्थलों पर पौधरोपण की शुरूआत की जाएगी।

### खास खबर

## ओबीसी आरक्षण पर कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका लगाएगी सरकार, शिवराज का विदेश दौरा रद्द

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में 15 दिन में पंचायत चुनावों की अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है। इस बार ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण के बिना ही पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर राज्य सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने जा रही है। बदलते सियासी घटनाक्रम की वजह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी प्रस्तावित विदेश यात्रा रद्द कर दी है। शिवराज 14 से 22 मई तक विदेश यात्रा पर जाने वाले थे।

## गजब है: दो क्वार्टर शराब पीने के बाद भी नहीं हुआ नशा शराबी ने गृहमंत्री को लिखी चिट्ठी, न्याय की गुहार लगाई

**उज्जैन (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में एक अजब-गजब मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने शराब में मिलावट की शिकायत के लिए गृहमंत्री को चिट्ठी लिखी है। शराबी ने ठेकेदार पर शराब में मिलावट के साथ ही खुद के आर्थिक नुकसान होने की बात कही है। शख्स बीते 20 साल से शराब पी रहा है। शराबी ने दो क्वार्टर पीने के बाद नशा न होने की शिकायत करते हुए गृहमंत्री और उज्जैन एसपी को पत्र लिखकर ठेकेदार पर शराब में पानी मिलाने और कंपनी पर उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है।



दरअसल उज्जैन निवासी लोकेंद्र सोठिया ने 12 अप्रैल को क्षीर सागर क्षेत्र स्थित एक शराब दुकान से चार क्वार्टर देशी शराब खरीदी थी, जिसके दो क्वार्टर पीने के बाद उन्हें नशा नहीं हुआ और उन्हें शराब में पानी मिलाये जाने की आशंका हुई। लिहाजा लोकेंद्र शराब दुकानदार के पास पहुंचे और शिकायत की, जिस पर दुकानदार ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि तुमसे जो करते बने कर लो। दुकानदार की धमकी के बाद लोकेंद्र ने शिकायत करने का निश्चय किया।

लोकेंद्र शराब की दो बोतल लेकर आबकारी विभाग पहुंचे और शिकायत की कि शराब में पानी मिलाया गया है। उसने अधिकारियों से शराब की बोतल में पानी की जांच करने और ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की। लोकेंद्र सेठिया का कहना है कि मैं ठेकेदार पर सिर्फ इसलिए कार्रवाई चाहता हूं कि जो मेरे साथ हुआ, वह अन्य किसी कस्टमर के साथ ना हो। उन्होंने कहा कि वे बीते 20 साल से शराब पी रहे हैं, इसलिए उन्हें इसमें मिलावट की जानकारी हो गई, लेकिन जो लोग इसे पीने आते हैं उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए।

## सुप्रीम आदेश : राष्ट्रद्रोह की धारा 124 ए पर रोक, कोई नया केस दर्ज नहीं होगा, जेल मे बंद लोग मांग सकेंगे जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राष्ट्रद्रोह कानून की धारा 124 ए पर रोक लगा दी। शीर्ष कोर्ट ने इसके तहत दायर सभी लंबित मामलों पर भी रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने कानून पर केंद्र सरकार को पुनर्विचार का निर्देश दिया है। साफ कहा है कि इस धारा के तहत अब कोई नया केस दर्ज नहीं होगा और इसके तहत जेल में बंद लोग कोर्ट से जमानत मांग सकेंगे। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र व राज्यों को भादंवि की धारा 124 ए के पुनरीक्षण की इजाजत देते हुए कहा कि जब यह काम पूरा न हो, कोई नया केस इस धारा में दर्ज नहीं किया जाए।

इससे पहले राष्ट्रद्रोह कानून (Sedition law) को चुनौती देने



वाली याचिकाओं पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र का पक्ष रखा।अपनी दलीलें पेश करते हुए उन्होंने कहा कि एक संज्ञेय अपराध को दर्ज करने से रोकना सही नहीं होगा। हालांकि ऐसे मामलों की जांच के लिए एक जिम्मेदार अधिकारी होना चाहिए और केस को लेकर उसकी संतुष्टि की न्यायिक समीक्षा होना चाहिए।

उन्होंने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जहां तक देशद्रोह के विचाराधीन मामलों का सवाल है, हर केस की गंभीरता अलग होती है। किसी मामले का आतंकी कनेक्शन तो किसी का मनी लॉन्ड्रिंग कनेक्शन हो सकता है। अंततः लंबित केस अदालतों के समक्ष विचाराधीन होते हैं और हमें कोर्ट पर भरोसा करना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से साफतौर पर कहा गया कि राष्ट्रद्रोह के प्रावधानों पर रोक का कोई भी आदेश पारित करना अनुचित होगा। इन्हें संविधान पीठ ने कायम रखा है।

दरअसल, भादंवि की धारा 124 ए, देशद्रोह या राजद्रोह को अपराध बनाती है, उसके गलत इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं।

### 2014 से 2019 के बीच देशद्रोह के 326 मामले दर्ज हुए

वर्ष 2014 से 2019 के बीच देश में इस विवादित कानून के तहत कुल 326 मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से केवल छह लोगों को दोषी ठहराया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कुल 326 मामलों में से सबसे ज्यादा 54 मामले असम में दर्ज किए गए थे। हालांकि, 2014 से 2019 के बीच एक भी मामले में दोष सिद्ध नहीं हुआ था।

केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने गत दिवस कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले निर्देश के बाद, मंत्रालय ने इस कानून के प्रावधानों पर विचार और जांच करने का फैसला लिया है। सरकार ने अपना पक्ष सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर दे दिया है।

## बीजापुर से तीन नक्सली गिरफ्तार सीआरपीएफ के कैंप पर हुए हमले में थे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने बीजापुर जिले से तीन नक्सली गिरफ्तार किए हैं। पकड़े गए इन नक्सलियों पर बीते माह सीआरपीएफ टीम पर हुए हमले में शामिल थे। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सभी नक्सलियों को बीजापुर जिले से पकड़ा गया है। यह पुलिस की बड़ी कामयाबी है।

पुलिस ने बताया कि नक्सली संगठन से जुड़े तीन लोगों को मंगलवार शाम को पामेड पुलिस स्टेशन के तहत ईमपुर गांव के जंगलों से पकड़ा गया है। यहां कोबरा की 204वीं बटालियन और सीआरपीएफ की टीम ने



नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।

तीनों गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान 30 साल के माडवी भीमा, 27 साल के माडवी नंदा और 25 साल के मडकाम कोसा के तौर पर हुई है। यह सभी पामेड इलाके के पेड्डा धर्मावरम गांव के रहने वाले थे। यह जगह राजधानी रायपुर से करीब 450 किलोमीटर दूर है।

पुलिस ने बताया है कि यह तीनों 24 अप्रैल को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम पर हुए हमले में शामिल थे। यह हमला धर्मावरम कैंप पर इसी साल हुआ था। हालांकि, इस घटना में किसी भी सुरक्षा बल को कोई नकुसान नहीं पहुंचा था।

### नवविवाहितों को प्रदान किये विवाह प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर।** मुख्यमंत्री ने अम्बिकापुर विश्राम भवन में मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत दो नवविवाहित जोड़ों को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किये। उन्होंने अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र के निवासी अहनन तिर्की व श्रीमती सजू तिर्की तथा अभिषेक जायसवाल तथा श्रीमती सपना जायसवाल को प्रमाण पत्र दिए। मितान योजना से नागरिकों को घर बैठे नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस योजना के तहत नागरिकों को मूल निवास प्रमात्र पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज की नकल, गैर-डिजिटाइज्ड (भूमि-रिकार्ड आदि की प्रति), मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना पंजीकरण, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार आदि नागरिक सेवाएं घर बैठे मिल रही हैं।



## संपादकीय

# युद्ध में कनाडा

यूक्रेन और रूस की लड़ाई में कनाडा ने अपने समर्थन का स्तर और बढ़ाने का एलान कर दिया है। कनाडा का यह समर्थन सिर्फ जुबानी जमा-खर्च ही न लगे इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो रविवार को खुद यूक्रेन पहुंचे। उनके साथ उप-प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और विदेश मंत्री मेलानी जोली भी थे। जंग के समय ऐसे दौरों को पूर्व प्रचारित नहीं किया जाता, इसलिए इसे उनका औचक दौरा भी कहा जा रहा है। उन्होंने हरदम रूसी हमलों से जूझ रही यूक्रेन की राजधानी कीव के पास उस इरपिन इलाके का दौरा भी किया, जिसे रूसी फौजों के हमले ने तकरीबन पूरी तरह से तबाह कर दिया था। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात वे तमाम घोषणाएं हैं, जो यूक्रेन को लेकर कनाडा ने की। अभी कुछ दिन पहले कनाडा ने यूक्रेन को 40 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। उसके बाद कनाडा ने 30 किलोमीटर तक मार करने वाली एम-777 तोपों की खेप भी यूक्रेन रवाना की थी। रूसी हमले को नाकाम करने के लिएइस बार और ज्यादा हथियार भेजने का वादा किया गया है।

> कनाडा के प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा और तमाम घोषणाएं यही बताती हैं कि फिलहाल दुनिया के तमाम बड़े देश शांति के लिए पसीना बहाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। युद्ध में नए-नए देशों का कूदना दुनिया को किस खतरे की ओर ले जा रहा है, यह जरूर सोचना चाहिए।

कनाडा की अचानक बढ़ी इस सक्रियता को दो तरह से देखा जा रहा है। एक तो पिछले दिनों यह खबर रूसी मीडिया पर दिखाई दी थी कि रूस की सेना ने यूक्रेन से कनाडा की फौज के एक पूर्व अफसर लेफ्टिनेंट जनरल ट्रेवर केडू को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रेवर केडू को कुछ विवादों के चलते पिछले महीने कनाडा की फौज से रिटायरमेंट लेना पड़ा, वरना वह कनाडा के सेनाध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे थे। उनकी गिरफ्तारी का सच अभी पूरी तरह से पता नहीं चला है, लेकिन अचानक ही जिस तरह से कनाडा सक्रिय हुआ है, वह इस खबर के सच होने की ओर ही इशारा करता है। एक दूसरा कारण भी बताया जा रहा है, जो ज्यादा महत्वपूर्ण है। रूस जैसे महाबली देश से लड़ने के लिए जितने हथियार चाहिए, उतने यूक्रेन के पास नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों से यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अपने देश को लगातार आश्वस्त कर रहे हैं कि हथियारों की कोई कमी नहीं है और वे मित्र राष्ट्रों से जल्द ही वहां पहुंच जाएंगे। लेकिन मामला इतना आसान नहीं है। पिछले सप्ताह छपी कई रिपोर्ट से पता चलता है कि जितने हथियारों की जरूरत यूक्रेन को है, उतनी आपूर्ति अमेरिका नहीं कर पा रहा है। उसकी फैक्टरियों के गोदामों में रखे हथियार तो यूक्रेन पहुंच चुके हैं, लेकिन नए उत्पादन में समय लग सकता है। पिछले दो साल में महामारी के कारण इन फैक्टरियों ने उत्पादन की रफ्तार धीमी कर दी थी। अब अमेरिका ने नाटो के सहयोगियों को आपूर्ति की जिम्मेदारी सौंपी है। पश्चिमी यूरोप के कुछ देशों के बाद अब कनाडा को भी यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मगर इसके साथ ही यह सब जो हो रहा है, वह एक और कहानी भी कहता है। इस जंग में यूक्रेन को रूस के आगे घुटने न टेकने पड़ें, इसकी कोशिश में तो कई देश दिखाई दे रहे हैं, लेकिन बम धमाकों के बीच युद्ध की आग को खत्म करने की जो कोशिशें होनी चाहिए, वे कहीं दिखाई नहीं दे रही हैं। जहां युद्ध का पागलपन हो, वहां शांति की जो जिद्द टिमटिमानी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आ रही। कनाडा के प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा और तमाम घोषणाएं यही बताती हैं कि फिलहाल दुनिया के तमाम बड़े देश शांति के लिए पसीना बहाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। युद्ध में नए-नए देशों का कूदना दुनिया को किस खतरे की ओर ले जा रहा है, यह जरूर सोचना चाहिए।

## एक सीट पर कई दावेदार

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए दोवार्षिक और एक सीट के लिए उपचुनाव होना है। उपचुनाव वाली सीट जदयू के महेंद्र प्रसाद के निधन से खाली हुई है इसलिए वह सीट जदयू को ही मिलेगी। बाकी पांच में से दो सीटें भाजपा को, दो राजद को और एक जदयू को मिलेगी। इस बार राजद को एक सीट का फायदा हो रहा है। एक सीट मीसा भारती की खाली हो रही है, जिस पर फिर से उनको ही उच्च सदन भेजा जाएगा। राजद की दूसरी सीट पर कई दावेदार हैं। वैसे कांग्रेस भी दावेदारी कर रही है लेकिन दोनों पार्टियों के बीच तालमेल खत्म हो चुका है और इसलिए उसकी दावेदारी का कोई मतलब नहीं है। राजद की एक सीट पर सबसे प्रबल दावेदारी हाल ही में अपनी पार्टी का राजद में विलय करने वाले दिग्गज नेता शरद यादव की है। वे राजनीतिक रूप से फिर से सक्रिय हुए हैं और पार्टी उनको उच्च सदन भेज सकती है। पिछली बार राजद ने अपने कोटे की एक सीट से संसाधन जुटाने में सक्षम एडी सिंह को उच्च सदन भेजा था। इस बार भी ऐसे किसी कारोबारी को सीट दिए जाने की चर्चा है। यहां तक कि मुंबई के मशहूर बाबा सिद्दीकी तक को राज्यसभा भेजने की चर्चा पिछले दिनों हुई थी। लेकिन बाहर किसी आदमी को राज्यसभा देने से पहले तेजस्वी यादव दस बार सोचेंगे।

> इस प्रकार एक क्षेत्र में हुए सुधार अन्य क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। अब अकादमिक, अनुसंधान और मूल्यांकन परामर्शदाता से जुड़े व्यक्तियों और समूहों का यह दायित्व है कि वे ऐसे डेटा का परीक्षण (ऑडिट) करें और तीसरे पक्ष के आकलन का संचालन करें तथा जनहित के लिए सार्वजनिक नीति में लैंगिक-आधार को मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें।

# भारत: नीति के माध्यम से महिला सशक्तिकरण

स्मृति इरानी

भारत सरकार ने पिछले एक दशक में सर्वजनहिताय, सर्वजनसुखाय (सभी के कल्याण के लिए, सभी की खुशी के लिए') की उक्ति को एक स्पष्ट वास्तविकता में बदल दिया है। जनहित (सार्वजनिक हित) के प्रचलित सार को 'मुख्यधारा' के लिंग आधारित अनुभवों के नए आयामों से जोड़ा गया है। देश की विभिन्न नीतियों और इनके कार्यान्वयन के माध्यम से लैंगिक समानता को मुख्यधारा में लाया गया है तथा यह सुनिश्चित किया गया है कि यह कृत्रिम रूप से शामिल की जाने वाली एक अप्रभावी प्रक्रिया बनकर न रह जाए।

वर्त्तमान सरकार नीतिगत कार्यान्वयन के लिए प्रणाली-आधारित लैंगिक दृष्टिकोण अपनाती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत राशन कार्ड जारी करने के लिए महिलाओं को अनिवार्य रूप से घर के मुखिया के रूप में मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभ – क्रमश: गृह-स्वामित्व और एलपीजी कनेक्शन – महिला लाभार्थियों को दिए जा रहे हैं। इस तरह के कदमों से महिलाओं की आर्थिक संसाधनों तक पहुंच स्पष्ट रूप से आसान हुई है एवं अन्य बातों के साथ-साथ उनकी सामाजिक स्थिति भी बेहतर हुई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (आरएसबीवाई) जैसी पुरानी योजनाओं में, जिनके तहत महिलाओं को अनजाने में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा से अलग रखा गया था, बदलाव किये गए और आवश्यक होने पर इन्हें वापस ले लिया गया। इसके स्थान पर, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) न केवल उन परिवारों को योजना के लिए पात्र बनाती है, जहाँ कोई वयस्क पुरुष सदस्य नहीं हैं, बल्कि यह प्रति परिवार 5-लाभार्थी की अर्थहीन सीमा को भी समाप्त करती है, जिसके तहत बड़े परिवारों में पुरुष वरीयता के कारण महिलाओं को इस सुविधा से वंचित रखा जाता था। इसके अलावा, पीएम-जेएवाई पर्याप्त संख्या में ऐसे स्वास्थ्य लाभ पैकेजों का समर्थन करता है, जो या तो प्रकृति के अनुसार महिला-केंद्रित हैं या पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान रूप से लागू हैं। योजना के अंतर्गत, पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने कैंसर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया है।



मुश्किल से एक दशक पुरानी सरकार ऐसे कार्य कर रही है, जिन्हें सदी के बड़े हिस्से के दौरान राष्ट्र के शासन को संभालने वाले अन्य सत्ताधारी नहीं कर पाए; यह महिलाओं को केंद्र में रखकर दूरदृष्टि का निर्माण करना है; यह नारी शक्ति का पोषण करना है। महिलाओं को आवास और एलपीजी जैसी परिसंपत्ति देकर, असमानता पर आधारित यथास्थिति को चुनौती दी जा रही है। न केवल नीतियों के माध्यम से, बल्कि लिंग आधारित अंतर को कम करते हुए भी ऐसा किया जा रहा है।

मौजूदा सरकार के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 2019 में पहला राष्ट्रव्यापी समय उपयोग सर्वेक्षण किया गया था। समय उपयोग सर्वेक्षण ने अंतत: महिलाओं के अवैतनिक व कठिन परिश्रम, जिसे अक्सर मान्यता नहीं दी जाती है, के लिए एक संख्या को सामने रखा – एक दिन में 7.2 घंटे, यह स्पष्ट करता है कि भारतीय पुरुष के औसत 2.8 घंटे के मुकाबले भारतीय महिला औसत देखभाल और घरेलू सेवाओं के लिए कितना अधिक समर्पित है। इसके प्रभावों की जांच और परिणामस्वरुप नीतिगत सुधार इस सर्वेक्षण द्वारा ही संभव हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 1998 में, दूरदर्शी अटलजी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शासनकाल में, टीयूएस को पहली बार 6 भारतीय राज्यों में पायलट आधार पर संचालित किया गया था। अब, समय उपयोग सर्वेक्षणों को नीतिगत चर्चा में एक प्रमुख स्थान मिल गया है और संयुक्त राष्ट्र-सतत विकास लक्ष्यों (यूएन-एसडीजी) की वैश्विक संकेतक रूपरेखा में इनका उल्लेख मिलता है।

पोषण, प्रजनन क्षमता, परिवार नियोजन, प्रजनन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और मृत्यु दर पर महत्वपूर्ण जानकारी के नियमित स्रोत के रूप में, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) समान स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में, विशेष रूप से महिलाओं के सन्दर्भ में, भारत के प्रदर्शन का एक पैमाना बन गया है। एनएफएचएस-4 (2015-16) की प्रतिदर्श निर्धारण रणनीति, राष्ट्र के सभी जिलों के लिए एक व्यापक, पद्धति केन्द्रित नवीकरण तथा सांख्यिकीय लेखांकन पर आधारित है, जो अपने पूर्ववर्ती एनएफएचएस-3 (2005-06) के राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रतिदर्श की तुलना में एक बड़ा सुधार सिद्ध हुई है। उप-राष्ट्रीय और जिला-स्तरीय डेटा को दर्शाने से स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्राथमिकता वाले व लक्षित हस्तक्षेपों को दिशा मिलती है।

एनएफएचएस-4 में पहली बार लिंग-आधारित कैंसर की व्यापकता दर्ज की गई। एनएफएचएस-5 में पहली बार इस बारे में जानकारी दर्ज की गयी कि क्या महिलाओं का कभी मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए स्क्रीनिंग परीक्षण हुआ है। साथ में, एनएफएचएस-4 और 5; भारतीय महिला के स्वास्थ्य पर एक व्यापक सामान्य सर्वेक्षण प्रदान करते हैं और डेटा के एक अतुलनीय भण्डार के रूप में कार्य करते हैं।

महिलाओं को शामिल करने के लिए राष्ट्र की सांख्यिकीय संरचना को फिर से तैयार किया गया है। लोकप्रिय अकादमिक कथन है कि 'जो गिना जाता है, वही महत्वपूर्ण है' और यह नीति-निर्माण की प्रक्रिया में संसाधन आवंटन के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है। इसे स्वीकार करते हुए, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) द्वारा एकत्र किए गए पंचवर्षीय रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़ों को त्रैमासिक और वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया; ताकि श्रम बल के आंकड़ों को लिंग के आधार पर अलग-अलग किया जा सके। पीएलएफएस अब महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात, महिला श्रम बल भागीदारी दर और महिला बेरोजगारी दर जैसे लिंग-पृथक डेटा प्रदर्शित करता है।


गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2014 से कन्या भ्रूण हत्या पर डेटा का संग्रह शुरू किया। इस तरह के निराशाजनक डेटा को स्वीकार करना बहुत कठिन है, लेकिन डेटा के आधार पर स्थिति की सही जानकारी के लिए, मौजूदा सरकार ने इनका संग्रह करने की सुविधा प्रदान की है और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के माध्यम से इसके प्रभावों पर तेजी से काम किया है।

डेटा के आधार पर स्थिति की सही जानकारी को समाधान और सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। सरकार या तो कार्यान्वयन से संबंधित आंकड़ों के माध्यम से या सर्वेक्षणों के माध्यम से लिंग-पृथक डेटा संग्रह कर रही है और योजनाओं को तैयार करने या उनमें सुधार करने के लिए इनका उपयोग कर रही है। इस प्रकार एक क्षेत्र में हुए सुधार अन्य क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं। अब अकादमिक, अनुसंधान और मूल्यांकन परामर्शदाता से जुड़े व्यक्तियों और समूहों का यह दायित्व है कि वे ऐसे डेटा का परीक्षण (ऑडिट) करें और तीसरे पक्ष के आकलन का संचालन करें तथा जनहित के लिए सार्वजनिक नीति में लैंगिक-आधार को मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें।

**(लेखिका केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

# अफ्रीकी देशों में बढ़ती भुखमरी पर लगाम लगाना जरूरी

भारत डोगरा, सामाजिक कार्यकर्ता



यूक्रेन संकट का एक ऐसा प्रतिकूल असर भी पड़ा है, जिस ओर अभी तक दुनिया का बहुत कम ध्यान गया है। यह असर बहुत दूर स्थित अफ्रीका महाद्वीप के देशों में चिंता का कारण बन रहा है। इन देशों का खाद्य संकट पहले से और विकट हो रहा है। दरअसल, अफ्रीका के अनेक देशों में लंबे समय से चल रहे सूखे, आंतरिक हिंसा व अन्य कारणों से पहले से खाद्य संकट मौजूद था। इनमें से अनेक देश यूक्रेन और रूस पर कुछ मुख्य खाद्य उत्पादों, जैसे गेहूं, मक्का, खाद्य तेल आदि के लिए काफी हद तक निर्भर थे। इसके अतिरिक्त इन देशों से उन्हें रासायनिक खाद भी अधिक मात्रा में मिलती थी, जिस पर उनकी अपनी खाद्य उत्पादन क्षमता आश्रित है। यहां यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि विदेशी परियोजनाओं व विशेषज्ञों ने अफ्रीका पर एजीआरए व अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत रासायनिक खाद, कीटनाशकों व महंगे बीजों पर आधारित खेती का दबाव बनाया है, जिसके कारण यहां की धरती, जो पहले आत्मनिर्भर थी, अब रासायनिक खाद के आयात पर अधिक निर्भर हो गई है।

यूक्रेन युद्ध छिड़ने से खाद्य व खाद, दोनों के आयात कम होने के कारण अफ्रीका महाद्वीप के अनेक देशों की खाद्य स्थिति पहले से और बिगड़ गई है। उल्लेखनीय है कि युद्ध के आरंभ होने से पहले ही यहां विश्व खाद्य कार्यक्रम व अन्य संस्थानों के अधिकारी चेतावनी दे रहे थे कि इस वर्ष खाद्य संकट पहले से अधिक बिगड़ सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम उन अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में प्रमुख है, जो अफ्रीका के खाद्य संकट से त्रस्त क्षेत्रों में खाद्य उपलब्धि कार्यक्रम चलाते हैं। इसके लिए इस कार्यक्रम द्वारा अनाज की खरीद पहले यूक्रेन में की जाती थी। पूर्वी अफ्रीका में 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' क्षेत्र को अकाल की स्थिति से अधिक प्रभावित बताया गया है। इसमें मुख्य रूप से सोमालिया, इथिओपिया जैसे बड़े देश हैं और केन्या के कुछ भाग भी हैं। यहां हाल के वर्षों में बारिश बहुत कम हुई है। आंतरिक हिंसा से जुड़ी समस्याएं भी हैं। इसके मिले-जुले असर ने यहां खाद्य स्थिति बहुत बिगाड़ दी है।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रतिकूल मौसम की आशंका वैसे ही बढ़ गई है। इस स्थिति में अमन-शांति बनाए रखना बहुत जरूरी है। मगर त्रासदी यह है कि इस संवेदनशील व नाजुक दौर में भी अफ्रीका के अनेक देशों में आंतरिक हिंसा बहुत हुई है, और हो रही है। इथिओपिया, नाइजीरिया व सूडान जैसे बड़े देश हिंसा से बहुत प्रभावित हुए हैं। गृह युद्ध के बाद सूडान दो देशों में बंट चुका है- सूडान व दक्षिण सूडान। बढ़ती भूख की समस्या के बीच यह याद दिलाना भी जरूरी है कि वर्ष 1971-2011 के 40 वर्षों के बीच सेहल, हॉर्न ऑफअफ्रीका व अन्य क्षेत्रों में लाखों लोग भूख और अकाल से मारे गए हैं। विकास व पर्यावरण पर विश्व आयोग ने वर्ष 1987 में बताया था कि पिछले करीब तीन वर्षों में अफ्रीका में अकाल व भूख से लगभग दस लाख लोगों की मृत्यु हुई थी। 1970 से 2022 तक के 52 वर्षों में किसी अन्य क्षेत्र में भूख से इतनी अधिक मौतों का कोई अन्य उदाहरण नहीं है। इससे पहले साल 1959-60 के आसपास चीन में 'बड़ी छलांग' के दौर में इससे भी अधिक मौतें अकाल व भूख से हुई थीं।

खाद्य और कृषि संगठन व विश्व खाद्य कार्यक्रम ने वर्ष 2021 के आरंभ में रिपोर्ट तैयार की थी 'हंगर हॉटस्पॉट', जिसमें विश्व के उन 20 देशों की पहचान की गई थी, जहां भूख की समस्या अधिक है और भविष्य में यह अधिक उग्र हो सकती है। इन 20 देशों में से 12 अफ्रीका महाद्वीप के थे। इसके बाद के सवा वर्ष को देखें, तो अत्यधिक भूख से प्रभावित अफ्रीकी देशों व क्षेत्रों की संख्या और बढ़ गई है। नाइजीरिया व केन्या की गिनती अपेक्षाकृत ठीक-ठाक आर्थिक स्थिति वाले देशों में होती है, पर यहां के भी कुछ बड़े क्षेत्रों में भूख की समस्या विकट है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 2010-2012 के दौरान केवल एक देश सोमालिया में भूख व अकाल से 2,60,000 मौतें हुई थीं। 21वीं शताब्दी में किसी एक देश में इतने कम समय में भूख से इतनी मौतों का कोई समाचार नहीं है।

अच्छी बात है कि अफ्रीकी देशों में बढ़ती समस्या का विगत दिनों संयुक्त राष्ट्र ने भी संज्ञान लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने अफ्रीका और मध्य पूर्व में कम से कम छह देशों को भूख से लड़ने के लिए 10 करोड़ डॉलर आवंटित किए हैं। यह मदद पर्याप्त नहीं है। यूक्रेन में चल रहा युद्ध अफ्रीका में लाखों लोगों को अकाल की ओर ले जाएगा। दुनिया के गरीबों के हित में युद्ध रोकने के प्रयास तेज करने के साथ ही, भुखमरी व अकाल से राहत दिलाने के प्रयासों को तेज करने की दरकार है। अफ्रीका में कृषि, पशुपालन व जलवायु परिवर्तन से जुड़ी नीतियों को बेहतर बनाने की भी सख्त जरूरत है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





पन्ने-पन्ने पर
लिखा मां का नाम
फिर भी, नहीं
भरा मन अधूरा
रह गया मां का
नाम।

-अंजली जैन
7024460938


महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

विनय मेडिकल स्टोर्स
सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवाों के चिल्हर विक्रेता
मो.-9329766891
शॉप नं.-15, महात्मा गांधी मार्केट, अग्रेसन चौक, दुर्ग (छ.ग.)

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्प्लेक्स के पास, दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW

www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मुख्यमंत्री से जब गौठान की दीदियों ने कहा 'हमन तोर साथ फोटो लेबों'

**रायपुर।** बटवाही गौठान निरीक्षण के दौरान जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्मी खाद उत्पादन का अवलोकन के लिए पहुंचे तो महिलाओं ने उन्हें बताया कि पिछले लगभग 2 वर्षों से गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण करने का कार्य कर रही है। उन्होंने अब तक 2 लाख 31 हज़ार रुपये का खाद बेचा है। विमला तिग्गा ने बताया कि जो आय हुई है उससे रोपा बीड़ा जगाने का काम किये है। खेती बाड़ी का काम करते है, उसका सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लुण्ड्रा विधायक प्रीतम राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे। जब मुख्यमंत्री लौटने लगे तो महिलाओं ने कहा कि 'हमन तोर साथ फोटो लेबों' तो उन्होंने दीदियों को पास बुलाकर फ़ोटो खिंचाई। इस दौरान दीदियों ने मुख्यमंत्री को जिमीकंद भेंट किया और बताया कि यह गौठान का ही है और बहुत स्वादिष्ट है, इसे जरूर खाएं।

### रावघाट से जगदलपुर तक रेल लाइन के निर्माण में लाई जाएगी गति

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज जगदलपुर से रावघाट तक रेल लाइन के निर्माण में गति लाए जाने पर चर्चा की। बैठक में बस्तर रेल आंदोलन एवं बस्तर चेम्बर ऑफकॉमर्स के प्रतिनिधि, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री दिनेश नाग उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री बंसल ने रेल परियोजना को बस्तर जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्य में गति लाए जाने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान सामाजिक व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। इस दौरान नक्सल मोर्चे पर डटे अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के लिए जगदलपुर से दिल्ली तक विमान सेवा प्रारंभ करने के लिए जिला प्रशासन के पहल की सराहना करते हुए सामाजिक व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बधाई दी। इस दौरान बाजार में दस रुपए सिक्कों के चलन पर भी चर्चा की गई। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने इस दौरान बताया कि दस रुपए के सिक्कों के चलन में किसी प्रकार की समस्या नहीं है। कुछ व्यवसायियों द्वारा इसे अस्वीकार करने की बातें सामने आती हैं।

### मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा पर अमल शुरू: बस्तर में रेशम मिशन के तहत रैली कोसा का समर्थन मूल्य पर होगी खरीदी

# वनांचल के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात

**स्थानीय निवासियों को रैली कोसा के उत्पादन और प्रसंस्करण से मिलेगा दोहरा लाभ**

**छत्तीसगढ़ में 8 से 10 करोड़ रैली कोसा कोकून का होता है वार्षिक उत्पादन**

**समर्थन मूल्य पर राज्य लघु वनोपज संघ करेगा खरीदी**

श्रीकंचनपथ न्यूज


फाईल फोटो



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार बस्तर संभाग में रेशम पालन तथा कोसा उत्पादन करने वाले आदिवासी-वनवासी कृषकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत रैली कोसा का क्रय अब समर्थन मूल्य पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत दिवस चालू वित्तीय वर्ष के बजट भाषण में बस्तर में रेशम मिशन प्रारंभ करने की घोषणा की थी। इस घोषणा के पालन में राज्य सरकार ने चालू वर्ष से लघु वनोपज संघ के माध्यम से कोसा कोकून न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश लघु वनोपज संघ ने आज जारी कर दिए हैं।

**राज्य लघु वनोपज संघ तथा रेशम संचालनालय के बीच हुआ एमओयू**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बस्तर संभाग में इसके समर्थन मूल्य पर संग्रहण के लिए क्रय दर निर्धारित किया गया है। इसके तहत रैली कोसा साबुत ग्रेड-1 में प्रति नग शेल भार 2.5 ग्राम के लिए 4.20 रूपए, ग्रेड-2 में प्रति नग शेल भार 2-2.49 ग्राम के लिए 3.60 रूपए तथा ग्रेड-3 में प्रति नग शेल भार 1.4-1.99 ग्राम के लिए 2.80 रूपए और रैली कोसा-पोली ग्रेड-1 में प्रति नग शेल भार 2.5 ग्राम के लिए 1.50 रूपए, ग्रेड-2 में प्रति नग शेल भार 2-2.49 ग्राम के लिए 1.25 रूपए तथा ग्रेड-3 में प्रति नगर शेल भार 1.4-1.99 ग्राम 0.70 रूपए निर्धारित है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि शासन के इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब रैली कोसा के उत्पादन और प्रसंस्करण का दोहरा लाभ स्थानीय निवासियों को मिलेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ श्री संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा राज्य में रैली कोसा के स्थानीय प्रसंस्करण को बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। इसके तहत राज्य लघु वनोपज संघ तथा रेशम संचालनालय के बीच एम.ओ.यू. हुआ है। इसके अनुसार लघु वनोपज संघ द्वारा क्रय किया गया कोकून रेशम विभाग को प्रदाय किया जाएगा। रेशम विभाग द्वारा बस्तर संभाग में 740 हितग्राहियों का चयन करके उन्हें रेशम धागाकरण का प्रशिक्षण देना भी प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में 8 से 10 करोड़ रैली कोसा-कोकून का उत्पादन होता है। रैली कोसा संग्रहण कार्य मुख्य रूप से 07 जिला यूनियन जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, केशकाल, नाराणपुर तथा कांकेर में होता है।

# मुख्यमंत्री ने बटवाही गौठान में 20 लाख रूपए की लागत से एक हजार बैग की क्षमता वाले मशरूम यूनिट का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बटवाही गौठान में 20 लाख रुपए की लागत से बने एक हज़ार बैग की क्षमता वाले मशरूम यूनिट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन से पूर्व पूछा कि समूह की अध्यक्ष कौन है, फिर उसे पास बुलाया और साथ में उद्घाटन किया।



प्रगति स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने प्रशिक्षण के बाद 532 बैग मशरूम से यूनिट की शुरुआत की है। मशरुम यूनिट में नमी बनाए रखने के लिए फॉगर की भी व्यवस्था है। महिलाओं ने बताया कि 20-25 दिन में मशरुम तैयार हो जाएगा।

समूह की महिलाओं ने मुख्यमंत्री को बताया कि ऑयस्टर मशरूम खाने में स्वादिष्ट है और मांग को देखते हुए निश्चित ही महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आय बढ़ेगी। पीयूष ऑयस्टर मशरूम लगा है जो 40 डिग्री तापमान में भी उग जाता है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में तैयार की गई है पीयूष मशरूम। मुख्यमंत्री ने यहां भी महिलाओं के आग्रह पर सेल्फी खींची। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लुण्ड्रा विधायक प्रीतम राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## धौरपुर को मिली एसडीएम कार्यालय और महाविद्यालय की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात के लिए मंगलवार को लुंड्रा विधानसभा के सहनपुर ग्राम पहुंचे. यहां आम के पेड़ के नीचे लोगों से भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं कीं. मुख्यमंत्री ने युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए धौरपुर में नया महाविद्यालय खोलने की घोषणा की. राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आए इसके लिए मुख्यमंत्री ने धौरपुर में एसडीएम कार्यालय कार्यालय खोलने की भी घोषणा की है. मुख्यमंत्री ने मछली नदी पर पुल निर्माण, रघुनाथपुर में उप तहसील खोलने, सहनपुर मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन करने के साथ ही सहनपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने साप्ताहिक बाजार में शेड और चबूतरा का निर्माण, शासकीय उ.मा. स्कूल लुंड्रा एवं कुदारी लमगांव में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण, शासकीय उ.मा. विद्यालय करौली, बरगीडीह, रघुनाथपुर में भवन निर्माण की स्वीकृति भी दी है. मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यह भी कहा है कि जनता की सुविधा के लिए जहां जिस चीज की आवश्यकता होगी वहां उसे जरूर पूर्ण किया जाएगा।

# बटवाही एक ऐसा गांव जहां होता है शत् प्रतिशत संस्थागत प्रसव, ग्रामीणों की जागरूकता की मुख्यमंत्री ने की सराहना

**मुख्यमंत्री को ग्रामीणों ने बताया अब गांव में नहीं है घर में प्रसव कराने की परम्परा**

**मुख्यमंत्री ने गाड़ी से उतरकर ग्रामीणों से चिकित्सकों की उपस्थिति, उपचार सुविधा और दवा वितरण की जानकारी ली**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा अंचल में एक ऐसा गांव है जहां महिलाओं का शत्प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रहा है। प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान में उप स्वास्थ केंद्र बटवाही पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यह जानकारी ग्रामीणों ने दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुल जाने से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है, गंभीर किस्म के प्रकरणों पर डिलवरी के लिए प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाते है।

अब घरों में प्रसव कराने की परम्परा बंद हो चुकी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र बटवाही निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। चिकित्सकों ने यहां मुख्यमंत्री को बताया कि यह ब्लॉक डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत सर्वाधिक क्लेम करने वाला ब्लॉक है। मुख्यमंत्री ने गाड़ी से उतरकर उपस्वास्थ्य केंद्र के बाहर उपस्थित ग्रामीणों से सीधे मुखातिब होते हुए उनसे चिकित्सकों की उपस्थिति और यहां मिलने वाली उपचार सुविधा तथा दवाईयों के वितरण आदि की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उपस्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी तथा प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और स्टॉफ की कार्य शैली की सराहना की।

मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि बटवाही उपस्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत दो गांव शामिल है। यहां एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दो आरएचओ, 16 मितानिन और एक स्वास्थ्य कर्मी पदस्थ है। इसके अंतर्गत 12 प्रकार के एनसीडी की सेवाएं दी जा रही है। गैर-संचारी रोग एनसीडी के लिए एनसीडी कार्ड तथा बीपी और शुगर वाले मरीजों को जीवन-शैली स्वास्थ्य कार्ड दिया जाता है। जिसमें मेडिसिन के साथ-साथ जीवनशैली में सुधार एवं रोगों से सुरक्षा की जानकारी दी जाती है।

चिकित्सकों ने यह भी बताया कि वर्तमान में केंद्र में आने वाले मरीजों के लिए नियमित रूप से जिला चिकित्सालय से टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। सामान्य मरीजों का केंद्र में ही उपचार किया जाता है और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार के बाद रिफर किया जाता है। केंद्र में 41 प्रकार की दवाईयां एवं 07 प्रकार की जांच सुविधाएं उपलब्ध है।

### गौठान से मिली स्वावलंबन की राह

# अण्डा उत्पादन से हुई 8 माह में लगभग ढाई लाख रूपए की आय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बटवाही गौठान में अंडा उत्पादन इकाई का अवलोकन किया। इस गौठान से महिला समूहों को स्वावलंबन की राह मिल रही है। यहां कि महिलाओं द्वारा अण्डा उत्पादन से मात्र 8 माह में ही लगभग ढाई लाख रूपए की आय प्राप्त हुई है।



मुख्यमंत्री को अंडा उत्पादन कर रही महिलाओं ने बताया कि वे सितम्बर 2021 से अंडा उत्पादन कर रही है। अब तक 41 हजार अंडों का विक्रय कर चुकी है, जिससे उन्हें 2 लाख 46 हज़ार रुपये की आय प्राप्त हुई है। मुर्गियों का चारा और लागत के बाद उन्हें 1 लाख 8 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समूह की महिलाओं के आग्रह पर उनके साथ सेल्फी भी ली। महिलाओं ने बताया कि उत्पादित अण्डों को बाजार में विक्रय की कोई दिक्कत नहीं है। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत कुपोषित बच्चों को जो अंडा दिया जा रहा है, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उसे हमसे खरीदता है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी यहीं से अंडा ले जाती है।

अंडा उत्पादन इकाई में बीव्ही-300 नस्ल की 250 मुर्गियां है जो साल में औसतन 325 अंडे देती है। बीव्ही 300 व्यवसायिक मुर्गी प्लान के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रीतम राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians
समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।
- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।
We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.
Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

गद्दा सादा 200/-
गद्दा हाथ बावडर 10 KG 650/-
गद्दा हाथ बावडर 15 KG 750/-
गद्दा मिनी चेक 6 KG 400/-
तकिया 100/- 2
तकिया 150/- 2
तकिया फायबर 250/- 2
कुशन फायबर 500/- सैट
MATTRESS 30% से 50% लेस
सफेद रूई के गद्दे
3X6 4X6 6X6
तैयार मिलते है।
सोफा कम बेड, बीन बैग, चादरे, सोफा कवर
संजय रूई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### केन्द्रीय पूल में अब तक 41.05 लाख मीट्रिक टन चावल जमा

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.87 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 41.05 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 21.85 लाख मीट्रिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 19.19 लाख मीट्रिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी के साथ शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.87 लाख मीट्रिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 09 हजार मीट्रिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 97 हजार मीट्रिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 22 लाख 90 हजार मीट्रिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 90 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

### दाई दीदी क्लीनिकों में करीब 97 हजार महिलाओं का हुआ इलाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत अब तक 96 हजार 887 से ज्यादा महिलाओं का इलाज किया गया है। दाई दीदी क्लीनिक में महिला स्टाफ के साथ एम. एम. यू के डॉक्टर गरीब तंग बस्तियों में पहुंचकर बीमार महिलाओं का इलाज स्लम इलाके में रहने वाली महिलाओं की विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क इलाज कर रहे हैं।

महिला चिकित्सा स्टाफ महिला श्रमिकों एवं उनकी बच्चियों का भी नि:शुल्क इलाज कर रहे हैं। मरीजों का पैथोलॉजी संबंधित विभिन्न जांच किये जाते हैं और महिला मरीजों का परामर्श एवं नि:शुल्क दवा उपलब्ध करायी जा रही है। दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत विभिन्न स्लम बस्तियों में 1282 शिविर लगाये गये जिसमें 96 हजार 887 से अधिक महिलाओं मरीजों का इलाज किया गया है। दाई दीदी क्लीनिकों में 17 हजार 472 महिलाओं के विभिन्न पैथोलॉजी लेब टेस्ट किया गया और 92 हजार 419 महिलाओं को नि:शुल्क दवा वितरण की गई है।

### पीलिया से बचाव के लिए सावधानी जरूरी

**रायपुर।** पीलिया यानि जॉन्डिस लीवर से जुड़ा रोग है। लीवर शरीर का अत्यंत महत्त्वपूर्ण अंग है, इसलिए इसे सेहतमंद रखना बहुत जरूरी है। पीलिया एक सूक्ष्म वायरस से होता है। इसके संक्रमण के कारण व्यक्ति का लीवर सामान्य ढंग से कार्य नहीं कर पाता। फलस्वरूप खून में बिलिरुबिन बढ़ जाता है।

शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि आमतौर पर गर्मियों के मौसम में पीलिया संक्रमण के रोगी बहुतायत में मिलते हैं। इस रोग का प्रमुख कारण दूषित खाद्य तथा पेय पदार्थों का सेवन, दवाओं का दुष्प्रभाव, अनेक रोग एवं आवश्यक साफ-सफाई का अभाव है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के रक्तदान करने एवं पीलिया संक्रमित व्यक्ति के मल, मूत्र से भी यह रोग होता है। इस मौसम में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए बाजार में बिकने वाले बर्फ मिले शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते हैं। कभी-कभी दूषित पानी से बने बर्फ तथा सड़े-गले फलों के कारण पीलिया की संभावना बढ़ जाती है। सामान्यत: पीलिया के रोगी में बुखार आना, सिर दर्द, भूख न लगना, भोजन देखकर मिचली और उल्टी, पेट फूलना, कमजोरी व थकावट, त्वचा, नाखून और आंखों के सफेद भाग का रंग पीला होना, त्वचा में खुजली होना, पेशाब का रंग गाढ़ा पीला होना, पैरों में सूजन, पेट दर्द और दस्त जैसे लक्षण मिलते हैं। पीलिया जहां एक गंभीर बीमारी है, वहीं यह अन्य रोगों का लक्षण भी है। इसलिए इन लक्षणों के दिखाई देने पर रोगी को तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए अन्यथा यह जानलेवा भी हो सकता है। डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि आयुर्वेद में पीलिया को कामला रोग कहा गया है। इसका मुख्य कारण अनुचित खान-पान व दिनचर्या के कारण पित्त दोष की वृद्धि को बताया गया है।

## भेंट-मुलाकात अभियान

# मेरे अन्नदाता खुश हैं, खुशहाल हैं, इस बात की मुझे बहुत खुशी है: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात के लिए मंगलवार को सरगुजा जिले के लुंड्रा विधानसभा के सहनपुर ग्राम पहुंचे। यहां आम के पेड़ के नीचे लोगों से भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए धौरपुर में नये शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी आए इसके लिए मुख्यमंत्री ने धौरपुर में एसडीएम कार्यालय की स्थापना की भी घोषणा की है।




मुख्यमंत्री ने ग्राम गगोली के पास मछली नदी पर पुल निर्माण, ग्राम पंचायत कुन्नी और रघुनाथपुर में उप तहसील खोलने, सहनपुर मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन करने के साथ ही सहनपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने सहनपुर साप्ताहिक बाजार में शेड और चबूतरा का निर्माण, शासकीय उ.मा. स्कूल उदारी और लमगांव में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुंड्रा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शासकीय उ.मा. विद्यालय करौली, बरगीडीह, रघुनाथपुर में भवन निर्माण की स्वीकृति भी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धौरपुर में एसबीआई की शाखा खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल ने यह भी कहा है कि जनता की सुविधा के लिए जहां जिस चीज की आवश्यकता होगी वहां उसे जरूर पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, लुंड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम और अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात के दौरान कहा कि हमारे अन्नदाता खुश हैं, खुशहाल हैं, इस बात की मुझे बहुत खुशी है। किसानों को उनके उत्पादन का वाजिब रेट मिले, इसलिए छत्तीसगढ़ में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 9 हजार और 10 हजार रुपये प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दे रहें हैं। कोदो-कुटकी, रागी और लघु वनोपज भी हम समर्थन मूल्य में खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियों के रेट अप डाउन होते है, सब्जी उत्पादक किसानों को नुकसान न हो, उन्हें सब्जियों का सही मूल्य मिले, इसलिए कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था होनी चाहिए, छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। भेंट-मुलाकात के दौरान एक किसान ने बताया कि कर्ज माफी के फैसले के बाद उन्होंने ट्रेक्टर खरीदा है। ट्रेक्टर रोज 17 से 18 घंटा किराया पर चल रहा है। मुख्यमंत्री ने सहनपुर में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी और राशन दुकान का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री के स्कूल पहुंचने पर बच्चों ने स्वागत गीत सुनाया। बच्चों के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने उन्हें रायपुर की सैर कराने और शाला में मध्यान्ह भोजन के लिए अच्छे शेड का निर्माण के निर्देश कलेक्टर को दिए। बच्चों ने मुख्यमंत्री से खेल सामग्री की भी मांग की। बघेल ने चौपाल में बच्चों की इच्छा पूरी करते हुए उन्हें खेल का सामान दिया। बच्चों ने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। राशन दुकान के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने राशन लेने आई महिलाओं से राशन वितरण के बारे में जानकारी ली। आंगनबाड़ी में मुख्यमंत्री बड़ी आत्मीयता के साथ बच्चों से मिले तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से आंगनबाड़ी की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं यहाँ पर आप लोगों से मिलने आया हूं, यह जानने आया हूं कि आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नही। उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे है गरीब सशक्त हो। कर्जा माफी योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना जैसी योजनाओं से किसान आर्थिक रूप से सशक्त हुए हैं। लोगों के जेब में पैसा जा रहा है। पहले लोगों के ट्रेक्टर लोन न पटाने के कारण खींच लिये जाते थे, अब ऐसा ही नही है। चौपाल में ही एक हितग्राही ने बताया कि उन्हें कर्जा माफी योजना से लाभ हुआ है। उन्होंने दो ट्रेक्टर खरीद लिया है, ट्रेक्टर किराये पर देकर 1200 रुपये प्रति घण्टा कमा रहे हैं। एक हितग्राही ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से उन्हें बड़ा लाभ हुआ है, वे मकान बना रही है।

## मुख्यमंत्री ने लिया चूल्हे में पका ठेठ सरगुजिया खाने का स्वाद



### ग्रामीणों के बीच जमीन में बैठकर जवाफूल, उड़द के बारा और आम के चटनी का उठाया लुत्फ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकात के सातवें दिन आज सरगुजा (अम्बिकापुर) जिले के विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के ग्राम करजी पहुंचे। उन्होंने करजी के ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर चूल्हे में पकाया गया ठेठ सरगुजिया खाना खाया।

मुख्यमंत्री ग्राम करजी के अवधेश प्रजापति के घर पहुंचे और वहां ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किया। प्रजापति परिवार ने मुख्यमंत्री बघेल को मिट्टी के चूल्हे पर बने ठेठ सरगुजिया भोजन परोसा। उन्होंने चेंच भाजी (लकड़ा) की रस्सेदार सब्जी, उड़द दाल का बारा (बड़ा), जवाफूल चावल, अरहर दाल, आम की चटनी और पापड़ का स्वाद लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ खेती-किसानी सहित गांव के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने प्रजापति के परिवारजनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और महिलाओं को साड़ी भेंट की। इस मौके पर प्रजापति की सुपुत्री मधुलिका ने उन्हें स्वयं के द्वारा चारकोल पेंसिल से बनाई उनकी तस्वीर भेंट की। मुख्यमंत्री ने मधुलिका की चित्रकारी के हुनर की तारीफ की और बधाई दी।

## आदिवासी अंचल के बच्चे देखेंगे नवा रायपुर

**रायपुर।** प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बच्चों से भी रूबरू हो रहे हैं। वे न सिर्फ बच्चों से आत्मीयता पूर्वक मिल रहें बल्कि सरगुजा के राजपुर में उन्होंने हाईस्कूल और हायर सेकेन्ड्री परीक्षा के टापर बच्चों को हेलीकाप्टर राईड करने की घोषणा की वहीं आज लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को नई राजधानी, मुख्यमंत्री निवास और जंगल सफारी घुमाने का वायदा किया। सरगुजा के लुण्ड्रा विधान सभा क्षेत्र के गांव सहनपुर के बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे कभी सरगुजा से बाहर नहीं गए हैं। वे सब लोग नई राजधानी देखना चाहते हैं। तब उन्होंने न सिर्फ नवा रायपुर बल्कि मुख्यमंत्री निवास में चाय के लिए आमंत्रित किया और जंगल सफारी घुमाने का वायदा भी किया। उन्होंने कलेक्टर सरगुजा को इन बच्चों को नई राजधानी स्थित मंत्रालय के साथ ही जंगल सफारी और मुख्यमंत्री निवास घुमाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

बच्चों ने भेंट मुलाकात के समय मुख्यमंत्री के स्वागत में सरगुजिया बोली में गीत गाया। मुख्यमंत्री ने



बच्चों द्वारा एक सुर में सुनाए गए गीत ''चल तो भैया रे सहनपुर ले..सीएम से मिलब रे..सीएम से मिलब रे..'' की प्रशंसा की और गीत की रचना के बारे में पूछा। बच्चों ने उन्हें बताया कि यह गीत उनकी शिक्षिका ने सिखाया है। इस पर मुख्यमंत्री ने शिक्षिका को इस सुंदर गीत के लिए बधाई दी।

### मध्यान्ह भोजन के लिए शेड

बच्चों के द्वारा मध्यान्ह भोजन के लिए कमरे की मांग पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को एक अच्छा शेड तैयार करने के निर्देश दिए जहां बच्चे व्यवस्थित और सुविधाजनक ढंग से मध्यान्ह भोजन कर सकें।

### सर आपको क्या गर्मी की छुट्टी मिलती है

बच्चों ने मुख्यमंत्री से बहुत ही भोले अंदाज में पूछा कि सर आपको हमारी तरह गर्मी की छुट्टी मिलती है क्या? मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि उन्हें गर्मी की छुट्टी नहीं मिलती है। वे सभी मौसम गर्मी, सर्दी, बरसात में काम करते हैं। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी के लिए लोगों से मिलने भी जाते हैं। इसी क्रम में वे आज सहनपुर पहुंचे है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बताया कि भेंट-मुलाकात अभियान में राशन दुकान, पंचायत कार्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल, थाना आदि का निरीक्षण करते हैं, साथ ही आमजनों, श्रमिकों किसानों, जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करते हैं।

### बोरे बासी की भी हुई चर्चा

बात-चीत में बच्चों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे बोरे-बासी खाते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी खाता हूं, यह बहुत अच्छा होता है। एक मई को मजदूर दिवस के दिन छत्तीसगढ़ी खान-पान और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हम सभी ने बोरे-बासी खाया, इससे श्रमिकों का मान भी बढ़ा है।

### उपहार में खेल सामग्री मिलने पर बच्चों ने दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री बघेल से बच्चों ने मुलाकात के समय खेल सामग्री मांगी थी। उन्होंने चौपाल में तुरंत बच्चों की इच्छा पूरी करते हुए बैडमिंटन, नेट, क्रिकेट किट, बॉली-बॉल दिलवाया। हेमंती यादव, निर्मला यादव, पूनम नागेश, देवंती नागेश सहित बच्चों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## मुख्यमंत्री ने कतकालो जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण



### 75 हज़ार जनसंख्या को मिल रहा शुद्ध पेयजल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान सरगुजा जिले के लुण्ड्रा विधानसभा के ग्राम कतकालो पहुंचे। उन्होंने कतकालो में नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया और प्रांगण में अनार के पौधे का रोपण भी किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवँ विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लुण्ड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू एवँ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। शोधन संयंत्र की क्षमता 15 एमएलडी की हैमुख्यमंत्री बघेल को वहाँ उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि लगभग 434.40 लाख रुपये की लागत से बने इस जल शोधन संयंत्र की क्षमता 15 एमएलडी की है। जिससे लगभग 75 हज़ार जनसंख्या को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है और 6 उच्च स्तरीय जलागारों का भराव होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संयंत्र मिशन अमृत- आवर्धन पेयजल परियोजना के तहत नगर निगम अम्बिकापुर द्वारा संचालित है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ऐतिहासिक फिल्में: तान्हाजी से लेकर पद्मावत तक, भारतीय इतिहास का जिक्र करती हैं ये बॉलीवुड फिल्में

अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म पृथ्वीराज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह फिल्म राजा पृथ्वीराज चौहान की लाइफ पर बेस्ड है। बीते कुछ सालों को देखे तो इस दौरान 'मणिकर्णिका' से लेकर 'पद्मावत' और 'बाजीराव मस्तानी' जैसी फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। जिसके बाद से फिल्मकार लगातार इस हिट फॉर्मूले के इर्द-गिर्द फिल्में बना रहे हैं।




## मुगले ए आजम

के. आसिफद्वारा निर्देशित फिल्म 'मुगले ए आजम' 60 के दशक की सफल फिल्मों में से एक थी। ये फिल्म मुगल शहजादे सलीम और एक नर्तकी अनारकली के प्रेम पर आधारित है। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर, मधुबाला और दुर्गा खोटे ने शानदार अभिनय किया है।

## रजिया सुल्तान

हेमा मालिनी, परवीन बाबी और धर्मेन्द्र स्टारर फिल्म रजिया सुल्तान में दिखाया गया है कि कैसे दिल्ली की इकलौती महिला सुल्तान रजिया को आम इंसान से प्यार हो जाता है। इसके चलते वह अपना राजपाट खो देती हैं। इस फिल्म का निर्देशन और लेखन कमाल अमरोही ने किया था।

## जोधा अकबर

यह फिल्म मुगल बादशाह अकबर और राजपूत राजकुमारी जोधाबाई की प्रेम कहानी पर आधारित थी। ऋतिक रोशन ने अकबर और ऐश्वर्या राय ने जोधाबाई की भूमिका निभाई थी। हालांकि कुछ लोगों ने इस फिल्म की ऐतिहासिक सत्यता को लेकर कई सवाल खड़े किए थे और फिल्म का जबरदस्त विरोध भी किया था।

## बाजीराव मस्तानी

2015 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' मराठा साम्राज्य के पेशवा बाजीराव और उसकी दूसरी पत्नी मस्तानी पर बनाई गई है। मस्तानी का रोल दीपिका पादुकोण ने निभाया था। वहीं बाजीराव के रूप में रणवीर सिंह ने प्रशंसनीय काम किया था। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा बाजीराव की पहली पत्नी के रोल में नजर आईं थीं। इस ऐतिहासिक फिल्म को संजय लीला भंसाली ने निर्देशित किया था।

## पद्मावत

2018 की फिल्म पद्मावत निर्देशक संजय लीला भंसाली की और ऐतिहासिक फिल्म हैं, जिसमें दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर ने मुख्य किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म की कहानी चित्तौड़गढ़ के राजा रतन सिंह और रानी पद्मावती पर बेस्ड है। फिल्म के रिलीज को लेकर हुए विवाद के कारण फिल्म का नाम बदलकर पद्मावती से 'पद्मावत' रख दिया गया था।

## मणिकर्णिका: झांसी की रानी

झांसी के राजा की पत्नी मणिकर्णिका जो कभी ईस्ट इंडिया कंपनी के सामने नहीं झुकीं। जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने झांसी पर कब्जा करने की कोशिश की तो, झांसी की रानी ने ब्रिटिश राज के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। इस ऐतिहासिक घटना को 2019 में रिलीज हुई फिल्म मणिकर्णिका में कंगना ने अपने अभिनय से परदे पर उकेर दिया था। इस फिल्म को डायरेक्टर राधाकृष्ण और कंगना रनौत ने निर्देशित किया है।

## तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर

यह फिल्म 2020 की टॉप ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में कोंढाणा जिले के लिए शिवाजी के सूबेदार तान्हाजी मालुसरे और मुगल सल्तनत के सेनापति उदयभान के मध्य हुए युद्ध को दिखाया गया है। इस फिल्म में मुख्य किरदारों के रूप में अजय देवगन, सैफ अली खान और काजोल नजर आए थे। इस फिल्म को ओम राउत ने निर्देशित किया था।

# केजीएफ कन्नड़ तो आरआरआर है तेलुगू मूवी, इन इंडस्ट्रीज से मिलकर बना है साउथ सिनेमा



इस समय नॉर्थ इंडिया में साउथ की फिल्मों का क्रेज बहुत बढ़ गया है। आमतौर पर बॉलीवुड के दर्शक सभी साउथ की फिल्मों को एक ही समझ लेते हैं लेकिन साउथ में 4 अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज हैं और इनके सुपरस्टार भी अलग हैं।

पर क्या आप अंतर कर पाते हैं कि कौन सी फिल्म किस भाषा की इंडस्ट्री की है? आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में देखे जाने वाले तेलुगू भाषी सिनेमा को टॉलिवुड कहा जाता है। वहीं तमिलनाडु में बनने वाले सिनेमा को कॉलिवुड के नाम से जाना जाता है। इसी तरह केरल के मलयालम भाषी सिनेमा को मॉलिवुड के नाम से जाना जाता है। जबकि कनार्टक के कन्नड़ भाषी सिनेमा को सैंडलवुड कहा जाता है।

## टॉलीवुड

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में देखे जाने वाले तेलुगू भाषी सिनेमा को टॉलिवुड कहा जाता है। आज के समय में साउथ इंडस्ट्री का सबसे हिट सिनेमा टॉलिवुड ही है। इसकी वजह यह है कि पिछले कुछ अरसे में देश दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जानी वाली फिल्में तेलुगू सिनेमा ने ही दी हैं। इसके सितारों ने अब तक बाहुबली, पुष्पा और आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्में बनाई हैं। भारत की सबसे बड़ी फिल्मसिटीज में से एक रामोजी फिल्म सिटी में ज्यादातर तेलुगू फिल्मों की शूटिंग होती है।

तेलुगू और तमिल सिनेमा की काफी हीरोइनें तेलुगू और तमिल दोनों फिल्मों में काम करती हैं। लेकिन तेलुगू और तमिल सिनेमा के मेल ऐक्टर्स एक दूसरे की इंडस्ट्री में कम ही काम करते नजर आते हैं। बीते साल में तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री ने भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडस्ट्री में शामिल है।

## कॉलीवुड

साउथ सिनेमा की दूसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री पर तमिलनाडु की राजधानी चैन्ने बेस्ड तमिल सिनेमा यानी कि कॉलिवुड का नंबर आता है। हिंदी के दर्शकों के लिए तमिल सिनेमा भी सबसे ज्यादा करीबी है। अजय देवगन की सुपरहिट 'सिंघम' सीरीज से लेकर अक्षय कुमार की सुपरहिट 'राउडी राठौड़' तक या फिर सलमान की 'नो एंट्री' से लेकर 'तेरे नाम' तक सुपरहिट फिल्में, सब तमिल फिल्मों की रीमेक हैं। वहीं आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'गजनी' भी तमिल फिल्म की ही रीमेक थी।

## मॉलीवुड

साउथ फिल्म इंडस्ट्री में तीसरे नंबर पर केरल का मलयालम सिनेमा आता है, जिसे मॉलीवुड कहा जाता है। तेलुगू और तमिल के मुकाबले भले ही केरल की मलयालम इंडस्ट्री छोटी है, लेकिन वहां पर भी क्लासिक फिल्मों की कमी नहीं है। बॉलीवुड की तमाम हिट फिल्में जैसे सलमान खान की 'बॉडीगार्ड' से लेकर इरफान खान की 'बिल्लू बारबर', अक्षय कुमार की 'हेरा फेरी', 'भूलभुलैया' व 'खट्टा मीठा' और अजय देवगन की 'दृश्यम' जैसी फिल्में मलयालम सिनेमा की ही रीमेक हैं।

## सैंडलवुड


कर्नाटक के कन्नड़ सिनेमा को सैंडलवुड कहा जाता है। कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ 2 के देशभर में पसंद किए जाने की वजह से सैंडलवुड देश की सबसे चर्चित फिल्म इंडस्ट्री बन गई है। 2018 में आई यश की केजीएफ कन्नड़ सिनेमा की पहली ऐसी फिल्म थी, जिसे हिंदी में डब करके रिलीज किया गया था।

### ओटीटी पर रिलीज हुई साउथ की फिल्म

# पहली बार लोगों का मनोरंजन करेगी विजय और पूजा हेगड़े की जोड़ी

पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'कभी ईद कभी दीवाली' की शूटिंग के लिए तैयार हैं। वह इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस बीच सुपरस्टार विजय द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'बीस्ट', आज यानी 11 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, विजय और पूजा हेगड़े स्टारर ने अपनी एक्शन से भरपूर कहानी से प्रशंसकों का भरपूर मनोरंजन किया। हालांकि फिल्म दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये से अधिक का आंकड़ा पार करने के बाद भी प्रशंसकों और सिनेमाप्रेमियों के बीच अपनी छाप छोड़ने में असफल रही।




बता दें कि इस फिल्म से पूजा हेगड़े ने एक दशक के बाद तमिल फिल्मों में वापसी की थी। यह विजय के साथ उनकी पहली फिल्म थी। तमिल भाषा की यह फिल्म, जो 13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज हो गई है।

नेटफ्लिक्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, क्या आप शक्ति, आतंक, आग को महसूस कर सकते हैं क्योंकि 'बीस्ट' 11 मई को नेटफ्लिक्स पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में आएगी।

नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित, 'बीस्ट' में विजय को एक पूर्व रॉ एजेंट के रूप में दिखाया गया है, जो आतंकवादियों द्वारा एक शॉपिंग मॉल में बंधक बनाए गए लोगों को छुड़ाने की कोशिश करता है। पूजा हेगड़े ने फिल्म में विजय के साथ अभिनय किया, जिसे सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित किया गया था।

# 'लॉकअप' के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 2' का हिस्सा बनेंगे मुनव्वर फारूकी! 'खतरों के खिलाड़ी' का भी मिला ऑफर



कंगना रणौत के शो 'लॉकअप' के विजेता बनने के बनने के बाद हर जगह मुनव्वर फारूकी के चर्चे हो रहे हैं। शो में रहते हुए कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने लोगों का दिल जीतने के साथ ही शो की ट्रॉफी पर भी कब्जा जमा लिया। शो से बाहर आने के बाद मुनव्वर फारूकी के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। जहां पहले ये खबर थी कि मुनव्वर 'खतरों के खिलाड़ी 12' में नजर आने वाले हैं, तो वहीं अब खबरें आ रही हैं कि वह 'बिग बॉस ओटीटी 2' का हिस्सा भी हो सकते हैं। खबरों की मानें तो मुनव्वर फारूकी को 'बिग बॉस ओटीटी' के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि अभी इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'बिग बॉस ओटीटी' के पहले सीजन को करण जौहर ने होस्ट किया था और दिव्या अग्रवाल विजेता बनी थीं। वहीं, 'लॉकअप' में मुनव्वर के प्रदर्शन को देखने के बाद ये माना जा रहा है कि वह ओटीटी के लिए बहुत ही सही दावेदार साबित होंगे।

'खतरों के खिलाड़ी' का हिस्सा बनने को लेकर मुनव्वर फारूकी ने हाल ही में बात की और कहा कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। पता नहीं बाहर क्या खिचड़ी पकी है। अगर ऐसा होगा तो आप सबको पहले ही पता चल जाएगा। वहीं, फैंस मुनव्वर के इन दोनों शो का हिस्सा बनने की खबरों से काफी खुश हैं।

बता दें कि 'लॉकअप' में मुनव्वर फारूकी को काफी पसंद किया गया था और उन्हें मास्टर माइट का टाइटल भी दिया गया था। वहीं, शो में उनके जीवन से जुड़े कई राज भी सामने आए थे। लोगों को शो में ही पता चला था कि वह शादीशुदा ही नहीं एक बच्चे के पिता भी हैं। वहीं, बाहर आने पर मुनव्वर ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ भी फोटो शेयर की थी, जिसे वह बब्बी कहकर बुलाते हैं।

# रणवीर सिंह ने फिल्म देखने के बाद की केजीएफ-2 की तारीफ, बोले- मुझे इस तरह की फिल्म बहुत पसंद है

फिल्म केजीएफ-2 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म को ऑडियंस खूब पसंद कर रही है। वहीं अब रणवीर सिंह ने भी फिल्म को लेकर अपना रिएक्शन शेयर किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान रणवीर ने खुलासा करते हुए बताया कि इस फिल्म को देखने के बाद यश ने उन्हें इंप्रेस कर दिया है।



## रणवीर ने की केजीएफ-2 कि तारीफ

रणवीर ने कहा, जब मैंने इस फिल्म को देखा, तो मैं शॉक में था। रॉकिंग स्टार यश..वाह। पूरी फिल्म के दौरान, मैं ऐसा था, 'उसे मारो यश, मार डालो।' मुझे इस तरह की फिल्म बहुत पसंद है। यह मेरा पहला प्यार है। चाहे 'मगधीरा' हो या 'केजीएफ', मैं ऐसी फिल्में रात में अकेले बिस्तर पर देखता हूं और आखिरी में ताली बजाता हूं। ऑडियंस के साथ न देखने के बावजूद भी मैं ऐसी फिल्मों पर हूटिंग और चीयर करता हूं।'केजीएफ' जैसी फिल्मों के लिए मेरा प्यार ऐसा ही होता है।

## केजीएफ-2 ने आरआरआर को पीछे छोड़ा

केजीएफ-2 की बात करें तो इस फिल्म में आमिर खान की सीक्रेट 'सुपरस्टार' (966.86 करोड़) और सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' (969.06 करोड़) को पीछे छोड़कर दुनियाभर में चौथी हाईएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बन चुकी है। इसके अलावा केजीएफ-2 (912 करोड़) एसएस राजामौली की 'आरआरआर' को पीछे छोड़कर इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 'बाहुबली-2' के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन गई है।

## फिल्म में यश के साथ श्रीनिधि शेट्टी भी हैं

साल 2018 में रिलीज हुई कन्नड़ फिल्म 'केजीएफ चैप्टर 1' ने ऑडियंस के दिलों में गहरी छाप छोड़ी थी, जिसके बाद से ही हर किसी को फिल्म के दूसरे चैप्टर का इंतजार था। इस फिल्म को पहले 16 जुलाई साल 2021 को रिलीज किया जाने वाला था, लेकिन कोविड 19 की दूसरी लहर के चलते इसे लगातार टाला जा रहा था। पिछली फिल्म की तरह ही यश और श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में लीड रोल में हैं।

## 5 भाषाओं में रिलीज हुई है ये फिल्म

प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में यश और श्रीनिधी के अलावा रवीना टंडन और संजय दत्त भी अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे। संजय इस फिल्म में अधीरा का नेगेटिव रोल निभाएंगे। इसे हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलायलम भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है।

# बॉबी देओल ने शेयर की आश्रम 3 की पहली झलक

बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल का करियर लगातार फ्लॉप फिल्मों की वजह से डूबने की कगार पर था। ऐसे समय में उन्होंने ओटीटी की तरफ रुख किया जहां उनकी एक्टिंग का अलग अंदाज देखने को मिला। प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम ने उन्हें दोबारा वापसी करने में मदद की और नई पहचान दिलाई। इस वेब सीरीज का पहला और दूसरा भाग दर्शकों को काफी पसंद आया था। वहीं इसके तीसरे भाग का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फैंस की बेताबी को थोड़ा कम करते हुए सीरीज के मेकर्स ने इसकी छोटी सी झलक लोगों के साथ साझा की है।

इस वेब सीरीज में बाबा निराला का किरदार निभाने वाले बॉबी देओल ने खुद इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दी है। उन्होंने एक छोटे से वीडियो के जरिए सीरीज की पहली झलक लोगों को दिखाई है। इस वीडियो में केवल 3 लिखा हुआ नजर आ रहा है। साथ ही आग की लपटें भी दिख रही हैं। इस छोटी सी क्लिप को देखने के बाद फैंस के खुशी का ठिकाना नहीं है। टीजर जारी होने के बाद फैंस जल्द ही इसका ट्रेलर जारी होने की उम्मीद जता रहे हैं। टीजर पर फैंस जमकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आश्रम सीजन 3 के लिए काफी उत्साहित हूं।' वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इंतजार नहीं हो रहा है अब सुपरस्टार को देखने का, सुपरहिट।' इसके अलावा कई यूजर कमेंट में फायर का इमोजी बना रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद
Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना में पंजीयन के लिए किसानो से की जा रही अपील

**कोरबा।** जिले में फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक किसानो का पंजीयन कराने के लिए किसानो को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के द्वारा मैदानी स्तर पर पंजीयन तथा योजना के क्रियान्वयन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। योजना से किसानो को शतप्रतिशत लाभांन्वित करने प्रचार-प्रसार अभियान के अंतर्गत गोष्ठी, कृषि पखवाडा प्रशिक्षण, दिवारो पर नारे लेखन, साहित्य लेखन आदि कार्य किये जा रहे है। जिले में वर्ष 2021-22 में धान के साथ अन्य फसलों के लिए 18 हजार पांच सौ से अधिक किसानों ने तथा धान के बदले अन्य फसलों के लिए कुल एक हजार तीन सौ से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। इस प्रकार योजना का लाभ लेने कुल 19 हजार नौ सौ से अधिक किसानो ने पंजीयन कराया है। किसानो को पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करना होगा। राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के पंजीयन के लिए ग्रामीण कृषि तथा उद्यानिकी विस्तार अधिकारी द्वारा प्रचार-प्रसार कर पंजीयन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने ली विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर के तीनों विधानसभाओं के भ्रमण के दौरान लगाए गए चौपाल में विद्युत विभाग से संबंधित मांग, समस्या, शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर सुइफ्फत आरा ने जिले के विद्युत विभाग के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदन ट्रांसफार्मर, लाइन शिफ्टिंग, लो वोल्टेज, विद्युत विभाग की योजनाओं की जानकारी ली एवं प्राप्त आवेदनों का त्वरित कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दी हैं। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर शिव बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर वहीदूररहमान, तहसीलदार रिचा सिंह, कार्यपालन अभियंता विद्युत एचके मंगेशकर, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभाग में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी ली एवं आउट सोर्सिंग से कार्य कर रहे कर्मचारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेसिक ट्रेनिंग देने के निर्देश दी तथा सुरक्षा के निर्धारित मापदंड का पालन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दी।

# पीएम मोदी ने दो भारत बनाए, एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का: राहुल गांधी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली ।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी तैयारियों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बड़ा हमला बोला। आदिवासी दाहोद जिले में एक सत्याग्रह रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने दो भारत बनाए हैं। एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का। एक तरफ देश के संसाधन कुछ अमीर लोगों को दिए जा रहे हैं तो दूसरी ओर गरीब जनता संसाधनों के अभाव में जीने को मजबूर है।



इस साल के गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए आदिवासी दाहोद जिले में एक आदिवासी सत्याग्रह रैली में अपनी पार्टी के अभियान की शुरुआत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस राज्य में सत्ता में आएगी। कहा, 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधान मंत्री बने। इससे पहले वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। जो काम उन्होंने गुजरात में शुरू किया, वह देश में कर रहे हैं। इसे गुजरात मॉडल कहा जा रहा है।

राहुल गांधी ने आगे कहा, आज दो भारत बन रहे हैं, एक अमीरों का भारत, कुछ चुनिंदा लोग, अरबपति और नौकरशाह जिनके पास सत्ता और पैसा है। दूसरा भारत आम लोगों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दो भारत नहीं चाहती। उन्होंने कहा, भाजपा मॉडल में, पानी, जंगल और जमीन जैसे लोगों के संसाधन जो आदिवासियों और अन्य गरीब लोगों के हैं, कुछ चुनिंदा लोगों को दिए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकारों से वंचित किया है। कहा, भाजपा सरकार आपको कुछ नहीं देगी, लेकिन आपसे सब कुछ छीन लेगी। आपको अपने अधिकार छीनने होंगे और तभी आपको वही मिलेगा जो आपका है। आदिवासी लोग अपनी कड़ी मेहनत से गुजरात में सड़कों, पुलों, इमारतों और बुनियादी ढांचे का निर्माण करते हैं। लेकिन बदले में आपको क्या मिला? आपको कुछ नहीं मिला। न अच्छी शिक्षा और न ही स्वास्थ्य सेवा।

राहुल गांधी ने कोरोनोवायरस महामारी से निपटने के लिए भी पीएम मोदी की खिंचाई की। कहा कि महामारी के दौरान प्रधान मंत्री ने आपको बर्तन और धूपदान (बालकनी से) पीटने और अपने मोबाइल की लाइट जलाने के लिए कहा था। उस वक्त जब गुजरात में तीन लाख लोग मारे गए थे। गंगा नदी लाशों से भर गई थी। राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में कोरोना वायरस से 50 से 60 लाख लोगों की मौत हुई हैं।

नारियल तोड़ने के बाद काम शुरू नहीं होने का आरोप गलत

# महापौर निर्मल कोसरे ने वार्डों में जाकर ली कार्यों के प्रगति की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-3।** महापौर निर्मल कोसरे ने आज विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करने के बाद कहा कि उनके नारियल तोड़ने के बाद काम शुरू नहीं होने का भाजपा पार्षदों द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। जिन वार्डों में नारियल तोड़कर विकास कार्य शुरू कराया जा चुका है, वहां चल रहे कार्य की प्रगति देखने भाजपा के पार्षद उनके साथ आ सकते हैं।



भिलाई - चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे ने आज वार्ड 16 बाजार चौक, वार्ड 17 शांति नगर - श्याम नगर, वार्ड 21 चरोदा बस्ती और वार्ड 24 शिक्षित नगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाल के दिनों में उनके द्वारा नारियल तोड़कर शुरू कराए गए विकास कार्यों के प्रगति का आंकलन किया। ये चारों वार्ड में भाजपा के पार्षद हैं और सोमवार को भाजपा पार्षद दल ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर महापौर द्वारा नारियल तोड़ने के बाद काम शुरू नहीं होने का आरोप लगाया है।

महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि उन्होंने 19 अप्रैल को नारियल तोड़कर वार्ड 16 में 13.68 लाख की लागत से थाना के पीछे आरसीसी सड़क का निर्माण शुरू कराया था,जिसका काम अंतिम चरण में है। इसी तरह वार्ड 17 के श्याम नगर में 15 अप्रैल को 18.75 लाख की लागत से शुरू कराया गया आरसीसी नाली निर्माण दो से तीन दिन में पूरा होने वाला है। वार्ड 21 चरोदा बस्ती में 16 अप्रैल को 19.75 लाख की आरसीसी सड़क और 10.65 लाख की आरसीसी नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। यह काम भी दो से चार दिन में पूरा हो जाएगा। जबकि वार्ड 24 शिक्षित नगर में 6 मई को 19.94 लाख के आरसीसी सड़क व 15.75 लाख के आरसीसी नाली निर्माण का शुभारंभ किया गया है, जिसका कार्य अभी प्रगति पर है। महापौर श्री कोसरे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भिलाई - चरोदा के पूरे 40 वार्ड में विकास कार्य को लेकर है। उन्होंने जहां - जहां नारियल तोड़ा है उन सभी वार्डों में काम चल रहा है। भाजपा पार्षद वाले डबरा पारा व शीतला पारा जैसे कुछ वार्ड हैं जहां अभी तक नारियल तोड़कर कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। बाकी चाहे वह कांग्रेस के हो या फिर भाजपा पार्षदों वाले वार्ड, जहां नारियल तोड़ने की परम्परा का निर्वहन हो चुका है, वहां विकास कार्य प्रगति पर है। लेकिन भाजपा के पार्षदों को यह नजर नहीं आ रहा है।

### जल आवर्धन योजना पर दी यह प्रतिक्रिया

महापौर निर्मल कोसरे ने जल आवर्धन योजना में हो रही देरी को लेकर भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि कायदे से इस योजना को वर्ष 2016 में पूरा कर खारुन नदी के पानी से घर - घर जलापूर्ति सुनिश्चित करना था। लेकिन भाजपा की सत्ता वाली नगर पालिका और फिर नगर निगम द्वारा इस योजना को पूरा करने में किसी प्रकार का गंभीर प्रयास नहीं किया गया। निगम में कांग्रेस की सरकार बने महज 4 महीना हुआ है। हम शीघ्र ही निगम क्षेत्र के 14500 घरों में खारुन नदी का पानी पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने तालाबों में पानी भरने के मुद्दे पर बताया कि गतवा तालाब में निर्माण कार्य का हवाला देकर भाजपा के पार्षद ने ही पानी भरने से मना किया। इसी तरह की परिस्थिति डबरा पारा के तालाब को भरने में भी बनी हुई है। चरोदा के तालाब को भरने के लिए अधिकारी को निर्देश दिया गया है। इसी तरह रेलवे क्षेत्र के वार्डों में रेल प्रशासन की अपनी जलापूर्ति व्यवस्था है। इसमें किसी प्रकार की खामी के लिए निगम प्रशासन को दोष देना हास्यास्पद है।

# प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में करें निराकरण-कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने जिले में गत दिनों आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को आवेदनों के प्राथमिकता से समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने राशन कार्ड, बिजली, पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने शासन द्वारा हाल ही में नगर निगम क्षेत्रों में शुरू की गयी मितान योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार प्राप्त हो रहे आवेदनों के आधार पर प्रमाण-पत्र जारी कर आवेदक के घर पहुंचवाने के निर्देश दिए तथा आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा को इस प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग के लिए कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत स्कूल, आश्रम-छात्रावास, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वॉटर सप्लाई के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए शेष बचे कार्यों के लिए पीएचई द्वारा तैयार किए डीपीआर के संबंध में जानकारी ली।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी कर उसका निराकरण करते जाए। उन्होंने जिला अधिकारियों को उनके विकासखण्ड तथा ग्राम स्तरीय संस्थाओं के नियमित निरीक्षण करने तथा वहां कार्यों के संचालन की समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में ग्राम सचिवालय लगाये जायेंगे। जिसमें ग्राम स्तर के विभिन्न विभागों के कर्मचारी एक साथ एक दिन संबंधित गांव में उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्या का निराकरण करेंगे। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों हेतु प्राप्त नामों के वेरीफिकेशन कर क्लब गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर जनचौपाल व लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों पर भी चर्चा की गयी। जिन विभागों के आवेदन लंबित मिले उनके कारणों की समीक्षा करते हुए जल्द निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में डीएफओ रायगढ़ सुस्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भिलाई-चरोदा के रेलवे मकानों में निगम करेगी पानी की आपूर्ति

## डीआरएम से मिले महापौर निर्मल कोसरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-3।** रेलवे के मकानों और ऑफिसों में पानी की आपूर्ति नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा करेगी। इस मामले को लेकर भिलाई-चरोदा निगम के महापौर निर्मल कोसरे और डीआरएम, रायपुर रेल मंडल एसएस गुप्ता के मध्य सकारात्मक चर्चा हुई है। यह व्यवस्था शुरू कर दी जाती है तो रेलवे के करीब 2400 मकानों में भिलाई-चरोदा निगम के फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति की जाएगी।



नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा में करीब 20 फीसदी हिस्सा रेलवे का आता है। जिसमें रेलवे की जमीन पर कुछ जगह लोगों ने अतिक्रमण किया है।

वहीं शेष रेलवे के मकान हैं, जिसमें रेलवे कर्मचारी ही निवास करते हैं। रेलवे ने कुछ कंडम मकानों को ढहा दिया है। रेलवे कालोनी से चुनाव जीतकर आने वाले पार्षदों ने महापौर से मिलकर बताया कि वार्ड के लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं कि गंदा पानी नलों में आ रहा है। बेहतर होगा कि नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति करे। इस पर मेयर ने कहा कि अगर रेलवे इसके लिए राजी हो जाता है तो पानी आपूर्ति करने में दिक्कत नहीं है। रेलवे के सभी मकानों और दफ्तरों में पानी की आपूर्ति किया जा सकता है। चरोदा में जोन-1, जोन-2, जोन-3, भिलाई-तीन में रेलवे के मकान हैं।

महापौर ने रायपुर, रेल मंडल के डीआरएम से मिलकर बताया कि रेलवे मकानों में रहने वाले बार-बार गंदे पानी के आपूर्ति की शिकायत कर रहे हैं। इससे उनके सेहत पर असर पड़ेगा।

बेहतर होगा कि निगम के फिल्टर प्लांट का पानी रेलवे कालोनी में रहने वालों तक पहुंचे। इससे कर्मियों की शिकायत भी खत्म हो जाएगी। इसके साथ-साथ महापौर ने डीआरएम से रेलवे कालोनी से कचरा कलेक्शन को लेकर जल्द अनुबंध करने की बात कही। जिससे रेलवे कालोनी से निगम कचरा कलेक्ट करे और नालियों की सफाई का काम भी करे।

लोगों को इस तरह से बेहतर सुविधा दिया जा सके। इन दोनों ही मसलों में चर्चा सकारात्मक रही है। शारदा लावेश मदनकर, वार्ड-13, भिलाई-3 ने बताया कि रेलवे के घरों में पानी गंदा आ रहा है। इसको लेकर लोग बार-बार शिकायत कर रहे हैं। निगम की ओर से साफ पानी की आपूर्ति इन क्षेत्रों में रहने वालों के लिए की जानी चाहिए। जिससे बच्चों और बड़ों की सेहत बेहतर रहे।

निर्मल कोसरे, महापौर, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरोदा ने बताया कि डीआरएम से भिलाई-3-चरोदा के रेलवे आवासों में पानी आपूर्ति को लेकर चर्चा हुई है। रेलवे आवासों में रहने वाले बार-बार गंदा पानी आने की शिकायत कर रहे हैं। पार्षदों ने भी यह जानकारी दी है।

### सचिन और आशीष का चयन स्टेट कंबाइंड टीम में

**रायगढ़।** जिला क्रिकेट संघ के अंडर 23 के दो खिलाडियों का चयन स्टेट कंबाइंड टीम के लिए किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले सप्ताह जिले की अंडर 23 टीम प्लेट ग्रुप मैचेज खेलने गई थी। जहां दुर्ग में जिले की टीम ने तीन में से दो मैच शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की और जशपुर तथा कवर्धा को हराया , इसमें कप्तान सचिन चौहान और आशीष ओझा के शानदार प्रदर्शन करने पर स्टेट कंबाइंड टीम में चयन किया गया है। इसके लिए उनको एलिट ग्रुप में शामिल किया गया है। इसके लिए वो 10/5/22 को राजधानी के लिए रवाना होंगे। दोनो के अलावा कृष मैत्री को भी स्टैंड बाय में चयन किया गया है। इनके चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतीष पांडे और सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, शानू भयानी, अमित कुंवर आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।
































## खास-खबर

### स्टाफ के देर से आने पर बिलासपुर सीएमएचओ ने सिविल सर्जन को दिया नोटिस

**बिलासपुर (ए)।** जिला अस्पताल से डाक्टर समेत 25 कर्मचारियों के गायब रहने के मामले में मंगलवार को सीएमएचओ ने सिविल सर्जन को नोटिस जारी किया है। उनसे मामले में जवाब मांगा है। साथ ही कहा है कि इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमएचओ डा. प्रमोद महाजन ने सोमवार को सुबह 11 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान डाक्टर समेत 25 स्टाफ गायब था। जबकि उन्हें सुबह नौ बजे अस्पताल पहुंच जाना था। इस लापरवाही पर सीएमएचओ ने अटेंडेंस रजिस्टर में अनुपस्थित लगा सभी का एक दिन का वेतन काट दिया था। मंगलवार को सीएमएचओ ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. अनिल गुप्ता को नोटिस दिया है और स्टाफ के गायब रहने के संबंध में जवाब मांगा है। तीन दिन के अंदर सिविल सर्जन को नोटिस का जवाब देना है।

#### मातृ शिशु समेत अन्य अस्पतालों का भी मिल रही शिकायत

जिले के शासकीय अस्पतालों में स्टाफ के देर से आने की शिकायत आम है। इसकी वजह से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई लोग उपचार से वंचित हो जाते हैं तो कुछ निजी अस्पताल जाकर इलाज कराते हैं। यह स्थिति ग्रामीण ही नहीं शहर के अस्पतालों की भी है। जिला अस्पताल के अलावा मातृ शिशु अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्टाफ देर से पहुंच रहा है। इसकी शिकायत सीएमएचओ को मिली है। जल्द ही अन्य अस्पतालों का भी निरीक्षण कर समय पर नहीं आने वाले स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीने से मना करने पर पत्नी की कर दी पिटाई, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** हिर्री क्षेत्र के धौराभाठा में युवक ने शराब नहीं पीने पर पत्नी की पिटाई कर दी। घायल महिला ने इसकी जानकारी स्वजन को देकर हिर्री थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। हिर्री क्षेत्र के धौंराभाठा में रहने वाली दीप्ति टंडन गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले उनकी शादी सूरज टंडन से हुई थी। सोमवार की रात उन्हें सूरज ने साथ में शराब पीने के लिए कहा। महिला ने शराब पीने से मना कर दिया। इससे नाराज उसके पति ने गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर पत्नी से मारपीट करने लगा। इस बीच पति ने डेढ़ साल में संतान नहीं होने का ताना दिया। घायल महिला ने इसकी जानकारी अपने मामा धर्मेंद्र सोनवानी को दी। इसके बाद घटना की शिकायत हिर्री थाने में की है। महिला ने बताया कि छह माह पहले भी पति ने मारपीट की थी। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ी 60 पाव देसी शराब

**बिलासपुर (ए)।** पुलिस अवैध रूप से काम वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने के लिए जा रहे दो ग्रामीण को घेराबंदी कर तखतपुर पुलिस ने पकड़ा। उनके खिलाफ जुर्म दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जरहागांव पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोढ़ार निवासी सुरेश कुर्रे पिता भागवत कुर्रे (36), विद्यानंद भास्कर (26) मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 10 पी 1672 में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहा था, तभी मुखबिर की सूचना पर जरहागांव पुलिस ने घेराबंदी कर जरहागांव ठाकुर देव मंदिर के पास पकड़कर तलाशी लिया तो झोला से 60 पाव देशी शराब मिला। पुलिस ने दोनों युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत धारा 34,2,59 क के तहत मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया।

### मुखबिर की सूचना पर 50 पाव देसी शराब बरामद

**पथरिया (ए)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पथरिया पानी टंकी चौक में अवैध रूप से शराब बेचने ले जाते युवक को पुलिस घेराबंदी कर सरगांव रोड पथरिया के पास पकड़ा। आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) 59 क के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भीमा मल्होत्रा पिता नरेश मल्होत्रा (20) निवासी गंगद्वारी थाना पथरिया को पकड़ा। उसके कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन शराब और चार सौ रुपये एक मोबाइल मिला। इसकी कीमत 25 हजार रकम गवाहों के समक्ष जब्त किया गया।

कवर्धा में महिला को मारकर जला दिया

# घर में मिला 100 फीसदी जली हुई हालत में शव, चिता बनाकर जलाने की आशंका



**कवर्धा (ए)।** कवर्धा में फिर एक हत्या कर दी गई। इस बार एक महिला का शव मंगलवार को उसके ही घर में 100 फीसदी जली हुई हालत में मिला है। आशंका है महिला को मारकर जलाया गया है। उसे जलाने के लिए घर में चिता भी बनाए जाने की आशंका दिखाई दे रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। फॉरेंसिक टीम का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला कुकदूर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम दैहानटोना निवासी एक मकान से मंगलवार दोपहर आग की लपटें निकलती देख पड़ोसियों ने पुलिस को कॉल किया। मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंचे तो दरवाजा बाहर से बंद था। आग पर काबू होने के बाद पुलिस अंदर घुसी तो देखा कि सारा सामान जलकर राख हो चुका था। वहीं बरामदे में एक शव पड़ा था। जिसे सखीना मेरावी (45) का बताया जा रहा है। मकान भी सखीना का था और वह अकेले ही वहां रहती थी।

#### ऐसा लगा कि चिता बना कर जलाया गया शव

घटना स्थल पर सारा सामान जलकर राख हो चुका था। महिला का शव भी 100 फीसदी जल गया था। मौके को देखकर ऐसा लग रहा है कि जैसे चिता बना कर महिला को जलाया गया है। फिलहाल मौके पर पुलिस टीम मौजूद है। अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आग लगी या लगाई गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम पहुंच गई है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या हादसा स्पष्ट हो सकेगा।

पंडरिया एसडीओपी नरेंद्र वेंताल ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे ग्राम दैहानटोला में सखीना मेरावी (45) का शव मिला है। उसके पति रामचरण मेरावी की पहले ही मौत हो चुकी है। महिला के तीन बच्चे दो बेटियां और एक लड़का हैं, जो कि कवर्धा में रहते हैं। एक बेटी कंपटीशन की तैयारी कर रही है। घर में रखा सारा सामान भी जल गया है। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि महिला की हत्या किए जाने की आशंका है।

#### 17 दिन में 6 हत्याएं

पिछले 17 दिनों में कवर्धा में 6 हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस ने अभी तक तीन मामलों की गुत्थी को सुलझा लिया है। इसमें दो नाबालिग सहित 5 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, लेकिन दो वारदातों को लेकर अभी भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

**8 मईः-** सिटी कोतवाली क्षेत्र के सरोधा मार्ग के तारो गांव स्थित फॉर्म हाउस के सामने एक अधेड़ की पीट कर हत्या कर दी गई। वह नशे की हालत में महिला को छेड़ रहा था। इस मामले में पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है।

**7 मईः-** पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी में बुजुर्ग महिला भगवंती की हत्या कर दी गई। वह घर के बाहर खाट पर सो रही थी। गमछे से गला दबाकर उसे मारा गया। पति जब टॉयलेट करने उठा तो घर के सभी दरवाजे खुले थे। जब बाहर निकला तो खाट पर पत्नी की लाश मिली।

**6 मईः-** तरेगांव जंगल क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर में पवन धुर्वे ने अपनी पत्नी पूजा धुर्वे की टंगिया से मारकर हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को ही जेल भेजा गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी शराबी है और आए दिन पत्नी से मारपीट करता था।

**26 अप्रैलः-** पंडरिया थाना क्षेत्र में बुजुर्ग की हत्या हुई थी। वारदात के समय घर पर कोई नहीं था। सभी शादी में गए थे। रात को कोठार में फसल रखवाली करने सो रहे किसान छन्नू सतनामी (52) की गला रेत कर मार दिया गया था। इस मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं।

**23 अप्रैलः-** कलेक्ट्रेट के पास 35 साल के युवक की जली हुई लाश मिली थी। युवक का गला घोंटने के बाद रेता गया था। फिर शव को आग लगाई गई थी। युवक की हत्या अवैध संबंधों में की गई थी। इस मामले में दो नाबालिग पकड़े जा चुके हैं।

## जगदलपुर से 47 किलो गांजा लेकर पहुंचे रायपुर, दो तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। जगदलपुर से गांजा लेकर रायबरेली, उत्तरप्रदेश जा रहे तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। तस्कर पवन सूर्यवंशी, निवासी न्यू सीलमपुर गढ़ी मेड़, उत्तर पूर्वी दिल्ली और पूरन सोनी निवासी ग्राम सहजातपुर, थाना रायबरेली उत्तरप्रदेश को 47 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया है।

रायपुर नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि दो तस्कर जगदलपुर से बस में गांजा लेकर आ रहे हैं। तस्करों को पकड़ने टीम ने जाल बिछाया। जब आरोपित गोलबाजार थाना क्षेत्र के एक होटल के पास पहुंचे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। दोनों वहां से भागने लगे। पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ा। उनके पास दो बैग मिले। इनमें गांजा भरा था। इन्होंने पुलिस को बताया कि वे जगदलपुर से गांजा लेकर आए थे। ट्रेन से उत्तरप्रदेश जाना था।

### रोटी कच्ची होने पर पत्नी को पीटा, घायल होने पर इलाज भी नहीं कराया

रोटी कच्ची होने का आरोप लगाकर युवक ने पत्नी की पिटाई कर दी। उसने मारपीट से घायल पत्नी का उपचार भी नहीं कराया। इसकी जानकारी होने पर मायके वाले महिला का अस्पताल ले गए। इसके बाद घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है। भाटापारा के प्रेमप्रकाश नगर में रहने वाले रोशन मिश्रा निजी संस्थान में काम करते हैं। उनकी बड़ी बहन रश्मि मिश्रा की शादी कोतवाली क्षेत्र के तेलीपारा में हुई है। सोमवार की रात रश्मि ने अपने भाई को फोन कर बताया कि वे अपने पति आनंद मिश्रा को रोटी बनाकर खिला रही थीं। इसी बीच आनंद ने रोटी कच्ची होने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर उसने पत्नी की पिटाई कर दी। उसने मारपीट से घायल पत्नी का उपचार भी नहीं कराया। इस पर रोशन अपने पिता अर्स्ण मिश्रा और स्वजन को लेकर बिलासपुर आए। वे अपनी बहन को लेकर कोतवाली थाने पहुंचे।

# बिलासपुर के बाल संप्रेक्षण गृह से भागे दो नाबालिग चोरी के मामले में किए गए थे गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** सरकंडा नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से मंगलवार की सुबह दो नाबालिग दीवार फांदकर भाग निकले। इसकी सूचना पर बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारी उनकी तलाश करते रहे। देर शाम तक उनकी जानकारी नहीं मिलने पर अधिकारियों ने सरकंडा पुलिस को सूचना दी है। इस पर पुलिस दोनों नाबालिग की तलाश कर रही है। दोनों को पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि नूतन चौक स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में मंगलवार की सुबह नाबालिगों को बागवानी के लिए परिसर के गार्डन लाया गया था।



इस दौरान 17 वर्षीय दो नाबालिग कर्मचारियों को चकमा देकर दीवार फांदकर भाग निकले। इसकी जानकारी होने पर कर्मचारियों ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद नाबालिग के स्वजन को घटना के बारे में बताया गया। अधिकारी भागे नाबालिग की तलाश करते रहे। वहीं, स्वजन भी उनकी तलाश में जुट गए। दोपहर को सूचना मिली कि दोनों नाबालिग को कोटा क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद स्वजन और बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारी वहां पहुंचे। इस बीच नाबालिग उन्हें चकमा देकर भाग गए। देर शाम तक दोनों नाबालिग का पता नहीं चलने पर बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारियों ने इसकी जानकारी सरकंडा थाने में दी। इसके बाद सरकंडा पुलिस भी उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने दोनों नाबालिग को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था।

#### जमानत के लिए लगा है आवेदन

फरार नाबालिगों में एक कोटा और दूसरा सरकंडा क्षेत्र का रहने वाला है। दोनों को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायालय के आदेश पर वे बाल संप्रेक्षण गृह में रखे गए थे। उनकी जमानत के लिए स्वजन ने न्यायालय में आवेदन लगाया है। बुधवार को इसकी सुनवाई होनी थी। इससे पहले ही नाबालिग बाल संप्रेक्षण गृह से भाग निकले। अब पुलिस और बाल संप्रेक्षण गृह के अधिकारी उनकी तलाश कर रहे हैं।

# अप्राकृतिक दुष्कर्म के बाद पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला, 10 दिन पहले की थी लव मैरिज

**भिलाई।** भिलाई में एक युवक ने पीट-पीट कर अपनी पत्नी को मार डाला। युवक की मां जब घर पहुंची तो हत्या का पता चला। पूरे शरीर पर चोट के निशान थे और वह नीला पड़ चुका था। महिला से अप्राकृतिक दुष्कर्म किए जाने की बात भी सामने आई है। महिला ने करीब 10 दिन पहले ही आरोपी युवक से लव मैरिज की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह नशे में बुरी तरह से धुत था। ऐसे में हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।



जानकारी के मुताबिक, जामुल क्षेत्र के लक्ष्मी पारा निवासी चिंत्रलेखा देवांगन (27) ने 30 अप्रैल को संतोषी पारा निवासी विवेक गुप्ता (30) से लव मैरिज की थी। परिवार के बंटवारे के बाद लक्ष्मी पारा में मिले घर में ही विवेक और चित्रलेखा रह रहे थे। देख-रेख के लिए विवेक की मां वहां जाया करती थी। पिछले कई दिनों से तबीयत खराब होने के चलते वह नहीं आ रही थी। मंगलवार दोपहर जब वह लक्ष्मी पारा पहुंची तो दरवाजा बाहर से बंद था।

#### पुलिस ने आरोपी पति को बार से नशे की हालत में पकड़ा

इस पर विवेक की मां ने आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर वह गेट खोल अंदर चली गईं। वहां जमीन पर चित्रलेखा का शव पड़ा हुआ था। उसका शरीर नीला पड़ चुका है। शरीर के कई हिस्सों में सूजन थी। खून बह रहा था। शव देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जांच में पता चला कि विवेक ने ही अपनी पत्नी की पीट-पीट कर हत्या की है। पुलिस उसे तलाश रही थी। एक बार में उसके होने की सूचना मिली तो वहां से उसे धर दबोचा।

#### शादी से पहले भी मारपीट का मामला पहुंचा था थाने

पुलिस ने बताया कि विवेक नशे का आदी है। जब उसे हिरासत में लिया गया तो भी वह बुरी तरह नशे में धुत था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। इसके बाद ही हत्या के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। शादी के पहले भी आरोपी विवेक ने चित्रलेखा से मारपीट की थी। तब भी मामला थाने पहुंचा था, लेकिन बाद में शिकायत वापस ले ली गई। संभवतः आज को इस मामले में खुलासा हो सकता है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण) //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''एफ'' में एकमुश्त दर पर दुर्ग जिले के उतई नगर आवर्धन जल प्रदाय योजनांतर्गत कि.मी./टी.पी. 882/00 एवं 882-01 मरोदा से पाउवारा लाईन के मध्य रेलवे क्रॉसिंग के नीचे पाईप पुशिंग कार्य हेतु 250 मि.मी. आंतरिक व्यास 10 मि.मी. मोटाई के कैरियर पाईप एवं 600 मि.मी. आंतिरक व्यास एवं 10 मि.मी. मोटाई के एम.एस. केसिंग पाईप के प्रदाय, पुशिंग बिछाने एवं जोड़ने का कार्य मय मटेरियल, लेबर, टूल्स एवं प्लांट्स तथा मशीनरी आदि सहित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | नगर का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | बिड सबमिशन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 02/09.05.2022 | 99245 | उतई नगर | 75.29 | दिनांक 21.05.2022 को 17.30 बजे तक |

नोट :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 13.05.2022 से देखे जा सकते हैं।

जी-91013/5

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

खास - खबर



## पेंशन धारियों को उनके बैंक खाता में पैसा पहुंचने की जानकारी देकर ऑन स्पॉट किया जा रहा निराकरण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र में जन समस्या समाधन का आज दुसरा दिन रहा।गया बाई स्कूल में आयोजित जन समस्या समाधान निराकरण शिविर में वार्ड क्रमांक - 03 वार्ड क्रमांक - 04 एवं वार्ड क्रमांक - 05 की समस्याओ के समाधान के लिए शिविर लगाया गया, इसमें आज कुल 234 आवेदन मांग एवं शिकायत के प्राप्त हुए जिसमे पेशन प्रकरण के 10 आवेदन व 09 आवेदन पत्र राशन कार्ड बनाने से संबंधित थे, इसका निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया , 206 आवेदन आबादी पट्टे के मामले में प्राप्त हुआ।जिसे सक्षम अधिकारी को प्रेसित किया गया एवं 16 अन्य समस्याओ से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसे निराकरण करने संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। लोगो की समस्यों का निराकरण के लियेन सुलभ व सहुलियत देने के उद्देश्य के लिए गया नगर स्थित गया बाई स्कूल प्रांगण में जन समस्या समाधान हेतु शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में जाति, आय, निवासी, मकान टैक्स निर्धारण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नये बनवाने व सुधरवाने, राशन कार्ड, मजदूर कार्ड, संपत्ति नामांतरण सहित अन्य योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन लिया गया तथा हर संभव त्वरित निराकरण किया गया । शिविर में विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल एवं निगम के आयुक्त हरेश मंडावी ने स्वयं पहुंचकर लोगो की समस्याओं से रूबरू हुए एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया, उन्होने इस दौरान शिविर में लगाये गये अलग-अलग विभागवार बलो में जाकर आवेदन पत्रों की स्थिति की जानकारी ली तथा आवेदको से भी बातचीत कर उसके समस्याओ की त्वरित निराकरण करने ड्यूटी में तैनात सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया ।

# महापौर नीरज पाल बने मितान घर पहुंचाकर दिया प्रमाण पत्र

कॉल सेंटर 14545 पर संपर्क कर प्रमाण पत्र के लिए किया था हितग्राहियों ने आवेदन, कुछ ही घंटों में मिला घर बैठे प्रमाण पत्र, हितग्राहियों ने कहा कि ऐसी ही योजना की थी जरूरत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल मितान बनकर आज हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देने के लिए उनके निवास स्थल पर पहुंचे। महापौर नीरज पाल ने विजय कुमार जैन तथा अजय कुमार यादव को मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत विवाह प्रमाण पत्र अपने हाथों से हितग्राहियों को प्रदान किया।

इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत कॉल सेंटर 14545 में संपर्क करने से घर बैठे प्रमाण पत्र मिल रहा है इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं इसे अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। हितग्राहियों ने महापौर नीरज पाल को बताया कि हमें विश्वास नहीं हो रहा है कि इस योजना से कुछ ही घंटों में घर पर ही प्रमाण पत्र मिल जाएगा, ऐसी ही योजना की आवश्यकता थी, जिससे कार्यालय जाने में अक्षम लोगों को इसका समुचित लाभ मिलेगा। हितग्राहियों ने बताया कि ऐसी सेवाओं की जरूरत थी ताकि दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर काटने से मुक्ति मिल जाए, इसके लिए हितग्राहियों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी का योजना को लागू करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मितान महापौर नीरज पाल, आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वच्छता प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, डिप्टी सीईओ सुडा तरुण पाल लहरें, डाटा सेंटर से दीप्ति साहू, मितान निशांत एवं रितेश आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गयी मुख्यमंत्री मितान योजना भिलाई निगम क्षेत्र में शुरू हो गई। जिसके तहत तीन मितान नियुक्त किए जा चुके हैं जिसमें योजना के तहत महज चंद घंटों में प्रमाण पत्र लोग प्राप्त कर रहे है। जिसमें सर्व प्रथम मितानो के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र सहित 13 प्रकार के प्रमाण पत्र घर जाकर प्रदान किये जा रहे है गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने 01/05/2022 से प्रदेश के सभी 14 निगमों में मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की है। जिसमें कुल 13 प्रकार के प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में घर बैठे प्राप्त किये जा सकेगे। जैसे आय प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, एस सी-एस टी. जाति प्रमाण पत्र, ओ.बी.सी. जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सुधार, विवाह प्रमाण पत्र दुकान और स्थापना पंजीयन, नान डिजिटाइज्ड नकल, भूमि सूचना प्रमाण पत्र, इस सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक जनो को टोल फ्री नंबर 14545 नम्बर पर केवल एक बार कॉल करना है। जिसके पश्चात मितान द्वारा घर पहुंचकर वांछित दस्तावेज प्राप्त किये जाने के बाद शीघ्र प्रमाण पत्र घर पहुंचाकर प्रदान किया जायेगा।

## 18.78 लाख से मान हॉटल, मुक्तिघाम पहुँच मार्ग तक जल्द होगा सड़क डामरीकरण कार्य, लोगों को मिलेगी नई सुविधा



श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत मान हॉटल से लेकर मुक्तिघाम पहुँच मार्ग सड़क का डामरीकरण होगा। 18.78 लाख रुपए की लागत से यह कार्य किया जाएगा। मंगलवार को शहर विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने इसका भूमिपूजन किया।

विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के 60 वार्डो में विकास होगा। सड़क, नाली, पानी और बिजली से जुड़े हर काम होंगे।

इसके अलावा राज्य शासन के महत्वकांक्षी योजना जनसमस्या समाधान शिविर में राशन कार्ड, पट्टे,पेंशन जैसी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर.एन.सभापति राजेश यादव, वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया, एमआईसी अब्दुल गनी, संजय कोहले, पार्षद बिजेंद्र भारतद्वाज, मनीष बघेल,अमित देवांगन,सतीश देवांगन,बृजलाल पटेल, राजकुमार नारायणी, एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव, अजय गुप्ता, देव सिन्हा,शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष फतेह सिंह भाटिया, कार्यपालन अभियंता आर.के.पांडेय,श्रीमती कन्या ढीमर,कौशल किशोर सिंह, ललित सोनी, रावलमाल जी बोथरा, राजेंद्र वैष्णव, नरेंद्र ताम्रकार, बाबा सोनी, अनिल तिवारी, संजय लारोकार, राजकुमार पंसारी, माधुरी लारोकर,, सहित अन्य मौजूद थे।

## हुडको क्लब में ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कई वर्षों से भिलाई इस्पात संयंत्र के खेल एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तहत हॉस्पिटल सेक्टर के हुडको वॉलीबॉल क्लब में भी वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया।

उप महाप्रबंधक एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सहीराम जाखड़ ने आज इस वॉलीबॉल मैदान में बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ मोहनलाल, सचिव छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ, भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान श्री जाखड़ ने बच्चों को खेल के प्रति अपनी उत्साह बनाए रखने तथा प्रशिक्षण शिविर में खूब मन लगाकर खेल की बारीकियों को समझने एवं सीखने कहा। हुडको वॉलीबॉल क्लब में वैसे तो साल भर ही खिलाड़ियों को अभ्यास कराया जाता है, किंतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भी बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है। इस दौरान सैकड़ों बच्चों ने जाखड़ जी को ध्यान से सुना एवं उसका अनुसरण करने का वादा किया। हुडको वॉलीबॉल क्लब के मुख्य कोच विनोद नायर, वी.एन. सोनी एवं राजू कईमल मौजूद थे।

इस ग्राउंड में बच्चों को सुबह प्रशिक्षण के बाद रोजाना चना दिया जाता है तथा विनोद नायर ने बताया कि इस बार भी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को टी शर्ट मुफ्त में दिया जाएगा।

वार्ड क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए महापौर नीरज पाल ने पार्षदों के साथ दूसरे दिन भी की मैराथन बैठक

## पानी की समस्याओं का समाधान करने पर चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल पानी की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है। सोमवार को नेहरू नगर जोन एवं वैशाली नगर जोन के पार्षदों के साथ बैठक करने के बाद आज महापौर नीरज पाल ने मदर टैरेसा नगर जोन और खुर्सीपार जोन क्षेत्र के पार्षदों के साथ मैराथन बैठक की।

हर वार्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को लेकर महापौर ने पार्षदों से उनके वार्ड की जानकारी ली। महापौर नीरज पाल ने कहा कि वार्ड क्षेत्रों में पेयजल की समस्या न हो यह इस भीषण गर्मी में प्रमुख टास्क है। वार्ड के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पानी की स्थिति से अवगत कराया, इस मुताबिक महापौर ने इसके समाधान के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्युत कटौती के दौरान पानी सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली। महापौर ने कहा कि वार्ड के पार्षदों के महत्वपूर्ण सहयोग से पेयजल की समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जाएगा। पेयजल की छोटी-छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए महापौर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचे इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। पेयजल की व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है, पहले केवल 8 टंकियों के भरोसे निगम क्षेत्र में पानी मिलता था परंतु अब टंकियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। हर क्षेत्र में पानी मिले इसके लिए कई स्थानों में उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया गया है। शिवनाथ इंटाकवेल से लेकर 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के साथ ही उनके मशीनरी को अद्यतन किया गया है। मोटर पंप एवं ट्रांसफार्मर जैसे बड़े उपकरणों को अपडेट किया गया है।

नेहरू नगर अंडर ब्रिज के शीट में लगी आग

## महापौर नीरज एवं आयुक्त सर्वे ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर बुझवाया आग, बड़ा हादसा होने से रोका

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नेहरू नगर से सेक्टर की ओर जाने वाले अंडर ब्रिज के सीट में आग लगने की घटना पर तत्काल महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड से संपर्क कर आग लगने की घटना की सूचना दी।

सबसे पहले सूचना मिलते ही मेयर नीरज पाल, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू मौके पर पहुंचे। उन्होंने रास्ते में ही फायर ब्रिगेड से संपर्क कर मौके पर आग लगने की जानकारी देकर फायर ब्रिगेड को स्पॉट पर तत्काल आने की सूचना दी। नगर पालिक निगम भिलाई की पानी फोर्स टैंकर की वाहन भी मंगवाई गई। मौके पर महापौर ने रहकर आग बुझाने का कार्य किया। इस दौरान नेहरू नगर तरफसे आने वाली तथा सेक्टर 7 की तरफ से आने वाली अंडर ब्रिज के रास्ते को महापौर ने बड़ी घटना न हो इसलिए बंद करवाया। फायर ब्रिगेड ने तत्परता दिखाते हुए सीट में लगी आग को बुझाया। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा नेहरू नगर अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। सीट पर आग लगने की घटना मिलते ही नगर निगम का पूरा अमला और आला अधिकारी मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंच गए। महापौर नीरज पाल ने सतर्कता दिखाते हुए आजजानी की बड़ी घटना होने से रोका और तत्काल फायर ब्रिगेड के माध्यम से आग पर काबू किया। मौके पर दो अलग-अलग अग्निशमन यंत्र ने आग पर काबू पाया तथा आसपास के क्षेत्रों में भी निगम के पानी फोर्स टैंकर ने तत्परता दिखाते हुए, आग बुझाने में मदद की।

महापौर ने आश्वस्त करते हुए कहा कि बीएसपी प्रबंधन के समक्ष प्रमुखता से रखकर करेंगे चर्चा

## भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने महापौर और आयुक्त को सौंपा विभिन्न मांगों के लिए ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स ने महापौर नीरज पाल से बीएसपी क्षेत्र के लिए कई सारे मांगे रखी। स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स ने अपनी मांग में बीएसपी प्रबंधन एवं नगर निगम तथा जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक का कार्यवाही विवरण का हवाला देते बताया कि त्रिपक्षीय बैठक में ट्रेड चेंज, बिल्डिंग वायलेशन पर नगर निगम का अधिकार उल्लेखित है तथा बीएसपी प्रबंधन द्वारा इसकी सहमति दिए जाने का जिक्र है।



परंतु बीएसपी प्रबंधन द्वारा अभी भी इस संबंध में बीएसपी वासियों को नोटिस जारी किया जाता है। इसी तरह से गुमास्ता एवं ट्रेड लाइसेंस की कार्यवाही भी नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुनिश्चित किए जाने का उल्लेख है, लेकिन निगम से इस सेवा का लाभ बीएसपी वासियों को अभी तक नहीं मिल रहा है। भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सिविक सेंटर, मरोदा सेक्टर आदि क्षेत्रों की प्रथम 30 वर्षों के लिए लीज पूर्ण हो चुकी है, इसके लिए बीएसपी प्रबंधन ने नवीनीकरण शुल्क तथा प्रति वर्ष ग्राउंड रेंट एवं सर्विस चार्ज के लिए नोटिस दिया है, जोकि कार्यवाही विवरण में उल्लेखित अनुसार राज्य सरकार की नीति निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने निगम से यह भी मांग की भिलाई निगम द्वारा बीएसपी क्षेत्र में बिल्डिंग परमिशन जारी किया जाए, क्योंकि बिल्डिंग परमिशन जारी करने का स्वतंत्र अधिकार नगर पालिक निगम भिलाई का होता है इससे नगर निगम के आय में भी बढ़ोतरी होना स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने बताया। भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स ने महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा कि बीएसपी क्षेत्र में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा अनुज्ञप्ति एवं लाइसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि निगम के अधिनियम के तहत बीएसपी क्षेत्र में संचालित दुकान संचालकों को एकरूपता के साथ राहत मिल सके। आगे उन्होंने महापौर को बताया कि बिल्डिंग परमिशन जारी करने का अधिकार नगर पालिक निगम भिलाई के पास सुरक्षित है, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा ही बिल्डिंग परमिशन बीएसपी क्षेत्रों में जारी किया जाना चाहिए। महापौर नीरज पाल ने स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स की मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर इस मुद्दे पर समाधान निकालने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया, महापौर ने भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही वह बीएसपी प्रबंधन के पदाधिकारियों से इस विषय पर चर्चा करेंगे और कहीं न कहीं इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे, वहीं उन्होंने आयुक्त प्रकाश सर्वे से भी इस विषय को लेकर चर्चा की, इस दौरान भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख भी मौजूद रहे, महापौर के समक्ष ज्ञापन सौंपकर मांग रखने वालों में विशेषकर भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, महासचिव दिनेश सिंघल, उपाध्यक्ष सुरेश रत्नानी, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, श्रीनिवास खेड़िया, ललित अग्रवाल, शेखर संगेवार,पी रवि नारायण, प्रदीप बाकलीवाल शामिल थे।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950